26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 28 फरवरी, 2026
अंक- 126 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में 300 की मौत

**काबुल/इस्लामाबाद** (एजेंसी/चिंगारी)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक-दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा, इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं

## ट्रम्प बोले- पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा, पाक का दावा- आतंकी हमलों के पीछे भारत

पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की।


**होटल में स्टाफ की आवश्यकता**

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747



पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



**सांवलिया सेठ**
(श्याम बाबा) के दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453


# इजरायल का ईरान पर बड़ा हमला

## तेहरान में धमाके और आसमान में धुएं का गुबार

इजरायल ने ईरान के खिलाफ 'प्रीवेंटीव अटैक' यानी एहतियाती सैन्य कार्रवाई शुरू कर दिया है। इजरायल के रक्षामंत्री ने आज सुबह इस ऑपरेशन की पुष्टि की। साथ ही इजरायली सेना ने अपने नागरिकों के लिए 'प्रोएक्टिव अलर्ट' जारी करते हुए पूरे देश में सायरन बजाए, ताकि संभावित ईरानी मिसाइल हमलों से पहले लोग सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। इसी बीच ईरान की राजधानी तेहरान में कई जोरदार धमाकों की खबर सामने आई है। ईरानी मीडिया और स्थानीय चश्मदीदों के मुताबिक, राजधानी के मध्य हिस्से में कम से कम तीन विस्फोट सुने गए। हालांकि ईरानी अधिकारियों ने अभी तक आधिकारिक तौर पर न तो हमले की पुष्टि की है और न ही नुकसान के स्तर की जानकारी दी है।


**Modern Era Public School Nehtaur**

School Code: 81912 Aff. No. 2132822

Invites applications from qualified, trained and experienced candidates for the following posts -

1. PPRT
2. Artificial Intelligence (AI) teacher

SEND YOUR CV (till 5th of March 2026) to
mepsnehtaur6@gmail.com or
+919870947832
FOR MORE INFORMATION: 9870947832, 9027816411
Jhalu Road Nehtaur (Bijnor)



**LRD SVM इंटर कॉलेज, मण्डावर (जि. बिजनौर)**

(English Medium)

**आवश्यकता है**

PRT - सभी विषय
TGT- अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी/संस्कृत,
PGT- अंग्रेजी

उप-प्रधानाचार्य (न्यूनतम 5 वर्ष अनुभव), खेल प्रशिक्षक, संगीत शिक्षक, स्पोकन इंग्लिश, Accountant
योग्यता- स्नातक/स्नातकोत्तर, B.Ed/D.El.Ed (जहां लागू), English Medium अनुभव व उत्तम संप्रेषण कौशल वांछनीय।
वेतन- 10,000-15,000 प्रतिमाह (योग्यता/अनुभव अनुसार)।

सीधा साक्षात्कार- 08 मार्च 2026, प्रातः 9:30 बजे
स्थान- LRD SVM इंटर कॉलेज, मण्डावर (बिजनौर से 14 किमी)
CV WhatsApp करें- 8979470625
-भूदेव सिंह, प्रबंध निदेशक



**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

*We Are Hiring*

PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199



**बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़**

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# दो नई मेहमानों के रूप में आर्य सुगंध संस्थान पहुंचीं बुजुर्ग महिलाएं



**नजीबाबाद/मंडावली ( चिंगारी )।** आर्य सुगंध संस्थान मंडावली में दो नये मेहमानों के रूप में संध्या गोपी झारखंड तथा हीरा मुखर्जी बंगाल से आई हैं। संध्या गोपी का एक भाई था उसे किसी ने मार दिया। वह पिछले 10 वर्षों से इधर-उधर भटक रही थी, उनकी उम्र 75 वर्ष है। हीरा मुखर्जी बंगाल की रहने वाली है, इनकी उम्र 68 वर्ष है। इनकी एक बेटी है, जो बंगाल में रहती है, वह उनके साथ रह रही थी, मगर उनके दामाद द्वारा उन्हें परेशान कर आखिरकार घर से भी निकाल दिया। यह दोनों महिलाएं कई वर्षों से भटक रही थीं। इसके बाद यह संस्थान में आई हैं। यह संस्थान में आकर बहुत खुश हुईं। सभी बुजुर्गों से व बच्चों से मिलकर यह रो पड़ीं। दोनों महिलाओं ने प्रबंधिका कमलेश आर्य से मिलकर अपना सारा दुःख व अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद उन्हें बहुत समझाया गया, दोनों महिलाएं बीमार हैं। एक चलने में भी असक्षम है। संस्थान सदस्यों ने दोनों महिलाओं को महसूस कराया कि वह अपने घर जैसे माहौल में ही हैं। दोनों महिलाएं आश्रम परिवार से मिलकर अपने आपको सुरक्षित महसूस करने लगीं। दोनों बुजुर्ग महिलाओं ने आश्रम परिवार को बहुत आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर प्रबंधिका कमलेश आर्या, अध्यक्ष सुंदर गोयल, उपाध्यक्ष वैद्य ओमप्रकाश, गर्जना आर्या मौजूद रहीं। प्रबंधिका ने दोनों महिलाओं को ससम्मान आश्रम में प्रवेश कराया।

## सोशल मीडिया

# तरावीह की नमाज़ को छोड़ हिंदू फैमिली की बचाई मुस्लिमों ने जान!



लोगों के बीच आग लगाने वाले चाहे जितनी भी कोशिश क्यों न कर लें, मुहब्बत के फरिश्ते हर आग को बुझाते रहेंगे। तरावीह की नमाज़ छोड़ मुस्लिम भाइयों ने बचाई पड़ोसियों की जान। बुलंदशहर के कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला फैसलाबाद में एक घर में रखे गैस सिलेंडर में अचानक भीषण आग लग गई और धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। आवाज सुनते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान मस्जिद में तरावीह की नमाज़ पढ़ रहे मुस्लिम भाइयों ने नमाज़ छोड़ दी और तुरंत मौके पर पहुंचकर मस्जिद से पानी लाकर आग बुझाने में जुट गए। मोहल्ले वालों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित परिवार ने कहा, हम इस इंसानियत को कभी नहीं भूलेंगे।

( अशफ़ाक बहराइची की फ़ेसबुक वॉल से )

## आज का विचार

# गुंझिया : घर और बाज़ार की



-सत्यराज

भारतीय समाज में त्यौहारों पर विशेष व्यंजनों का महत्व होता है। इसमें होली जैसे पर्व पर गुंझिया बनाने और भगवान को अर्पण करने एवं आने वाले मेहमानों को खिलाने की परंपरा भी रही है।

13वीं और 14वीं शताब्दी के ग्रंथों में गुंझिया का उल्लेख होता है, जो कालांतर में चलते-चलते वर्तमान तक आ पहुंची है, लेकिन आज की बदलती सामाजिक और पारिवारिक परिस्थितियों में अधिकांश घरों में इसके बनाने की परंपरा कम होती जा रही है। ज्यादातर महिलाएं अब बाजार से तैयार गुंझिया ही मंगाने लगी हैं। इससे परंपरा पर भी प्रभाव पड़ रहा है। थोड़ी देर को चलो मान लेते हैं कि गुंझिया तो गुंझिया होती हैं, घर की हों या बाजार कीं, लेकिन कल्पना कीजिए की होली पर जो चलन रहा है, वह यह है कि आसपास की कुछ महिलाएं मिलकर किसी एक घर पर आती हैं और वहां पर उस गृह स्वामिनी की गुंझिया बनाने में सहयोग करती हैं। इस प्रक्रिया में सब महिलाओं का योगदान और अपनापन जुड़ जाता है, जो बाजार से खरीदकर लाई गई गुंझिया में नहीं मिल सकता। बाजार की गुंझिया में एक व्यावसायिक दृष्टिकोण ही होता है। पैसे खर्च करते हैं और सामग्री ले आते हैं, लेकिन जो व्यंजन आप घर में अपने श्रम से, अपनी लगन से तैयार करते हैं, उसमें एक अलग ही भाव पैदा होता है। साफ सफाई रहती है। मिलावट से भी बचा जा सकता है। इसलिए तमाम महिलाओं से अनुरोध किया जा सकता है कि चाहे कम ही बनाएं, लेकिन अपने घर पर भी गुंझिया बनाना एक परंपरा से जोड़कर रखें। त्यौहार पर घर में गुंझिया बनाएं और घर की बनी गुंजियाओं का ही आप पूजा में उपयोग करें।



### प्रिय पाठकों,

**जैसा कि आप देख रहे हैं कि चिंगारी सांध्य दैनिक में हमने 'आज का विचार' शीर्षक से एक स्तंभ शुरू किया है। इसमें सामाजिक और पारिवारिक सरोकारों को लेकर विचार प्रकाशित किए जाते हैं। सुधिजन पाठकों से अनुरोध है कि यह एक खुला मंच है, इसके लिए आप भी अपने विचार प्रकाशन हेतु भेज सकते हैं। अनुरोध यह भी है कि इस स्तंभ में राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में विचार न भेजें।**

-संपादक




# पेड़ पर चढ़े गुलदार की करंट लगने से मौत


गुलदार के शव की जांच करते वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** पेड़ पर चढ़े गुलदार की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर करंट लगने से मौत हो गई। आज सुबह सड़क किनारे गुलदार का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वनविभाग की टीम पोस्टमार्टम हेतु गुलदार के शव को कब्जे में अपने साथ ले गई।

शनिवार की सुबह नया गांव मार्ग पर स्थित पटाखा फैक्ट्री के पास राहगीरों ने सड़क किनारे एक गुलदार पड़ा देखा। हिम्मत करके कुछ युवक जब उसके पास पहुंचे तो गुलदार मरा हुआ था। इस बात की खबर क्षेत्र में फैलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना दिये जाने पर पुलिस और डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह के नेतृत्व में वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इस दौरान आसपास देखने पर सड़क किनारे खड़े यूकेलिप्टस के विशाल पेड़ पर काफी ऊंचाई तक गुलदार के पंजों के निशान लगे दिखाई दिये। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि गुलदार शिकार का पीछा करते हुए पेड़ पर चढ़ा होगा और वहां से गुज़र रही हाइटेंशन लाइन की चपेटे में आकर करंट लगने से नीचे गिरकर उसकी मौत हुई है। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि मृत गुलदार नर है तथा इसकी आयु लगभग पांच साल है और शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं है।उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर गुलदार का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, उसके उपरांत ही मृत्यु के सही कारण का पता लग पाएगा।

## बेटी को होली का सामान देने जा रहे पिता की दुर्घटना में मौत

**धामपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर मार्ग पर ग्राम नींदडू के पास आज सुबह 6 बजे एक अज्ञात वाहन द्वारा बाइक में टक्कर मार दिये जाने से ग्राम अमखेड़ा निवासी महिपाल सिंह (70 वर्ष) का देहांत हो गया। जिससे परिवार में होली की खुशियां गम में बदल गई। जानकारी के अनुसार ग्राम अम्खेड़ा निवासी महिपाल सिंह आज सुबह 6 बजे बाइक पर अपनी बेटी की ससुराल ग्राम ठाठ जट होली का सामान देने के लिए जा रहे थे। जब वह नूरपुर मार्ग पर ग्राम नीदडू के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर उनके पुत्र खेम सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, नवीन चौहान, ग्राम प्रधान पति दीपक कुमार मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल महिपाल सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सहसपुर में पागल कुत्ते ने 6 लोगों को काटा

**सहसपुर ( चिंगारी )।** सहसपुर नगर में आवारा कुत्तों का आतंक व्याप्त एक ही दिन में एक कुत्ते के द्वारा 6 लोगों को जख्मी किया गया है। नगरवासियों ने पागल कुत्ते को पकड़वाने की मांग। मोहल्ल अफ़ग़ानान निवासी नौशाद उर्फ लालू मिस्त्री बाज़ार से आ रहे थे। तभी कुत्ते ने पीछे से हमला कर दिया जिसकी वजह से वे घायल हो गए मोहल्ला अफ़ग़ानान निवासी फहीम अहमद नमाज़ पढ़कर घर लौट रहे थे उनको उसी कुत्ते के द्वारा काटा गया। थोड़ी देर बाद दुकान से सामान खरीद रही भगवती को कुत्ते ने काट लिया इसके बाद वार्ड नंबर 5 निवासी अफजाल अहमद के पैर को बुरी तरह ज़ख्मी कर दिया इसी क्रम में रईसुद्दीन, तहसीन को भी उसी कुत्ते ने ज़ख्मी किया। नगरवासियों ने बताया कि कुत्ता पागल हो गया है और लोगों पर भाग कर हमला कर रहा है, जिससे राहगीरों और मोहल्लेवासियों को खतरा है। एक ही दिन में 6 को काटना दर्शाता है कि कुत्ता कितना खतरनाक हो रहा है। नगरवासियों ने कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र घायल


रेजराम सिंह का फाइल फोटो

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** साइकिल व बाइक से आगे पीछे चल रहे पिता-पुत्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें पिता की मौके पर ही मौत हो गई एवं पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला निवासी रेजराम सिंह (60 वर्ष) पुत्र बुध सिंह शुक्रवार को साइकिल द्वारा अपनी रिश्तेदारी में सिरियावाली गया था जबकि शाम के समय उसका पुत्र सतीश कुमार बाइक द्वारा हसनपुर बाजार से सब्जी लेने गया था। सिरियावाली से साइकिल द्वारा वापस लौट रहे रेजराम सिंह की हसनपुर बाजार में उसके पुत्र सतीश से भेंट हुई। अंधेरा होने के कारण सतीश अपने पिता के पीछे बाइक की लाइट का सहारा देकर चलने लगा। आगे पीछे चलते हुए जैसे ही वह भगतावाला के निकट आए तो विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी जिसमें रेजराम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई और सतीश कुमार घायल हो गया जबकि वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सतीश गंभीरावस्था में निजी अस्पताल में उपचाराधीन है।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद



वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर

दसवां रोजा : शनिवार, 28 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:19, शिया 6:30
ग्याहरवां रोजा : रविवार, 1 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:19, शिया-5:11

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट



फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## मिलावटखोरी का बढ़ता दायरा

खाद्य पदार्थों में मिलावट से बड़ा कोई गुनाह नहीं हो सकता। हम सब यह बात जानते हैं, लेकिन अपने स्वार्थ में लोग मिलावट करने में जरा भी संकोच नहीं करते। हालत यह है कि आज कोई भी खाद्य पदार्थ मिलावट से परे नहीं है। यहां तक कि दूध और दूध से बने उत्पादों में भी जमकर मिलावट की जा रही है, जिसका सीधा प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि दूध जैसी चीज भी सिंथेटिक हो सकती है। लेकिन इस कलयुग में नकली दूध धड़ल्ले से बिक रहा है। विशेषकर तीज-त्यौहारों और सहालक के मौके पर मिलावट के सभी रिकॉर्ड टूट जाते हैं। एक तरफ हमारे पर्व और त्यौहार धर्म और संस्कृति से जुड़े होते हैं, तो दूसरी ओर प्रसाद जैसी सामग्री में भी मिलावट करने से आज का इंसान जरा भी नहीं डर रहा। स्थिति यह है कि देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट व नकली खाद्य पदार्थों की विभीषिका से मुकाबला करना असंभव सा हो गया है। घर से बाहर निकलने वाले लोगों को मजबूरी में रेस्टोरेंटों व ढाबों पर भोजन करने का फायदा उठा कर मिलावटखोर व मुनाफाखोर जहां अपना मुनाफा लगातार बढ़ा रहे हैं, वहीं जनता के स्वास्थ्य को भयानक संकट में डाल रहे हैं। गरीब व निम्न मध्य वर्ग के शादी समारोहों व अन्य आयोजनों में सस्ते व लजीज पकवानों के कारण अक्सर बहुत से लोगों की जान तक चली जाती है या उनको अस्पतालों में भर्ती होना पड़ता है। हाल ही में होली के पहले खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जगह-जगह छापे मारे जा रहे हैं। हालांकि यह भी दिखावटी ज्यादा हैं। ऊपर के आदेशों की पूर्ति के लिये विभाग ऐसे छापों की कार्रवाई करता है। इसकी आड़ में अवैध वसूली की भी मंशा होती है। कौन नहीं जानता कि संबंधित विभाग के अधिकारियों का दुकानदारों और सप्लायरों से महीना बंधा होता है। इस तरह से देखा जाए तो मिलावटखोरों से भी ज्यादा अपराध ये अधिकारी कर रहे हैं। इन्हें इसकी सजा देने वाला कोई नहीं। एक फूड इंस्पेक्टर दो-चार साल की सरकारी सेवा में ही करोड़ों जमा कर लेता है। कोई होटल, रेस्टॉरेंट, ढाबा, दूध और दूध से बने पदार्थों का कारोबार करने वाला दुकानदार ऐसा नहीं होगा, जिससे ये उगाही न करते हों। इसलिये अगर मिलावट को रोकना है तो सबसे पहले इन अधिकारियों के नकेल डालनी होगी।

# राहुल गांधी देश के लिये ख़तरा हैं तो सरकार जेल क्यों नहीं भेजती?

**इन सब बातों से मोदी सरकार बीजेपी नेता और संघ राहुल गांधी से बेहद चिढ़ गया है। जैसा कि बीजेपी अपने विरोधियों, विपक्षियों और उसको वोट न देने वाले नागरिकों को देशद्रोही विदेशी तत्वों के हाथों खेलने वाला और आतंकी व देश की सुरक्षा के लिये ख़तरा बताकर निशाने पर लेती रही है। वैसे ही अब पीएम मोदी तो पूरी कांग्रेस को नंगा बताते हुए उसके नेताओं को देश को तबाह करने वाला बता चुके हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू उनको देश की सुरक्षा के लिये सबसे बड़ा ख़तरा बता रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन उनको विदेशी ताकतों की कठपुतली तो बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे उनकी सांसदी निरस्त कर उनको फिर कभी लोकसभा का चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित करने की मांग कर रहे हैं।**



कांग्रेस नेता और लीडर ऑफ अपोज़ीशन राहुल गांधी ने पिछले दिनों मोदी सरकार बीजेपी और संघ पर कई गंभीर राजनीतिक आरोप लगाये। संसद में अपनी बात रखते हुए जब उनको आरोपों को साबित करने की चुनौती दी गयी तो उन्होंने प्रमाण प्रस्तुत करने की हामी भरी। लेकिन तभी सदन की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता जगदंबिका पाल ने मौके की नज़ाकत समझते हुए सरकार की और किरकिरी होने से बचाने के लिये राहुल गांधी को निर्देश दिया कि सबूत पेश करने की कोई ज़रूरत नहीं है, राहुल जल्दी से जल्दी अपनी बात खत्म करें। दरअसल राहुल गांधी ने कुछ समय से मोदी सरकार के खिलाफ बहुत कड़ा रूख़ अपना रखा है। उन्होंने संसद में बोलते हुए आरोप लगाया कि पूर्व सेनाध्यक्ष नरवाणे ने अपनी आत्मकथा में कहा है कि जब चीन हमारे देश में घुसपैठ कर रहा था, तो उनको बार-बार अनुमति मांगने पर भी चीन को कड़ा मुंहतोड़ जवाब देने की सैनिकों को तत्काल छूट नहीं दी गयी, जबकि पीएम मोदी बार-बार अपनी छाती 56 इंच बताकर देश को झुकने नहीं देने का झूठा दावा करते रहे हैं। राहुल गांधी का यह भी दावा था कि मोदी सरकार ने अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौता किया है, उसमें देश के हितों से समझौता किया गया है। इस एकतरफ़ा और ट्रंप के दबाव में किये गये एग्रीमेंट से भारत के किसानों की कमर टूट जायेगी। राहुल गांधी का यह भी आरोप रहा है कि चर्चित और विवादित यौन आरोपों से भरी एप्सटीन फाइल में मोदी सहित उनके एक खास केंद्रीय मंत्री और उनके करीबी एक बड़े उद्योगपति का नाम आया है। इसके साथ ही संसद में जब भी मौका मिलता है, राहुल गांधी, मोदी सरकार पर चुनाव आयोग के द्वारा वोट चोरी कर चुनाव जीतने का गंभीर आरोप भी बार-बार लगाते आ रहे हैं। इन जैसे और भी कई बड़े राजनीतिक आरोप राहुल गांधी, मोदी सरकार के साथ ही बीजेपी और आरएसएस पर लगातार लगाते आ रहे हैं, इसमें कोई नई या आश्चर्य की बात भी नहीं है, क्योंकि विपक्षी नेता का यही काम होता है।

पहले तो जब वे विपक्ष के नेता के पद पर नहीं थे और संघ परिवार ने उनकी छवि 'पप्पू' की बना रखी थी, उनकी बात को कोई खास वेट नहीं मिलता था। राहुल गांधी जब-जब विदेश जाते हैं, वहां भी वे भारत में मोदी सरकार द्वारा किये जा रहे संविधान, लोकतंत्र और कानून के राज के खिलाफ कामों पर चिंता जताते रहे हैं। इन सब बातों से मोदी सरकार बीजेपी नेता और संघ राहुल गांधी से बेहद चिढ़ गया है। जैसा कि बीजेपी अपने विरोधियों, विपक्षियों और उसको वोट न देने वाले नागरिकों, देशद्रोही विदेशी तत्वों के हाथों खेलने वाला और आतंकी व देश की सुरक्षा के लिये खतरा बताकर निशाने पर लेती रही है। वैसे ही अब पीएम मोदी तो पूरी कांग्रेस को नंगा बताते हुए उसके नेताओं को देश को तबाह करने वाला बता चुके हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू उनको देश की सुरक्षा के लिये सबसे बड़ा खतरा बता रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन उनको विदेशी ताकतों की कठपुतली, तो बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे उनकी सांसदी निरस्त कर उनको फिर कभी लोकसभा का चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही अन्य भाजपा नेता और भी गंदी घटिया और निचले स्तर की भाषा का प्रयोग करते हुए राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि अगर वास्तव में राहुल गांधी इतने बड़े 'कुख्यात अपराधी' हैं तो सरकार उनके खिलाफ संसदीय या कानूनी कार्यवाही कर अब तक उनको जेल क्यों नहीं भेज रही? ऐसा लगता है कि पहली बार किसी विपक्षी नेता ने साहस दिखाते हुए संसद उसके बाहर देश में और मौका मिलने पर विदेश में मोदी सरकार की तथ्यों, तर्कों और प्रमाणों के साथ कथनी-करनी में भारी अंतर की पोल खोलकर उसको आईना दिखा दिया है, जिससे सरकार तिलमिला, बौखला और डर गयी है, लेकिन राहुल गांधी का अब तक तो कुछ बिगाड़ नहीं पाई है। सरकार राहुल को जेल भेजकर उनके हीरो बनने से भी डरती है। लगता है भविष्य में किसी पुराने मामले में राहुल गांधी को सज़ा दिलाकर संसद से निकालकर जल्दी ही सबक सिखाया जा सकता है। मोदी सरकार पर इस मामले में शायर ने क्या खूब कहा है- **दूसरों पर जब तब्सिरा कीजिये, आईना सामने रख लिया कीजिये।**



**इक़बाल हिन्दुस्तानी**

(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)

# बुजुर्गों के लिए कुर्सी व्यायाम



1- **चेयर इगल पोज :** कुर्सी पर सीधे बैठ जाएं। दायें पैर का बायें पैर पर टिका लें। अब दोनों बाजुओं को कोहनी से मोड़कर एक-दूसरे से लपेट लें। स्टेमिना के अनुसार इस मुद्रा में बने रहें। सामान्य मुद्रा में आ जाएं। अब बायें पैर को दायें पर रखें और इसे दोहराएं।

2- **चेयर फॉरवर्ड फोल्ड :** कुर्सी पर बैठें, पीठ सीधी रखें। अब आगे की ओर झुकें। दोनों हाथ जमीन पर लगाएं या पैरों के नीचे भी रख सकते हैं। धीरे-धीरे सांस छोड़ें। थोड़ी देर इस मुद्रा में रुके रहें। इसके बाद दोबारा से सीधे हो जाएं और शरीर ढीला छोड़ दें।

3- **चेयर माउंटेन पोज:** कुर्सी पर सीधे बैठें, उंगलियों को इंटरलॉक कर लें। गहरी सांस लें, इसके बाद अपने हाथों को ऊपर ले जाएं। हथेलियां छत की ओर रखें। सांस छोड़ें। कुछ दूर रुकें। इसके बाद धीरे-धीरे हाथों को नीचे की ओर लाएं। अपनी क्षमतानुसार इसे दोहराएं।

4- **स्पाइनल ट्विस्ट पोज:** कुर्सी पर सीधे बैठें, सांस लें। शरीर को दायीं ओर मोड़ें। अब दोनों हाथों से कुर्सी के पिछले हिस्से को पकड़ें। अब सांस छोड़ें और फिर शरीर को बायीं ओर मोड़ लें। इसे दिन में कई बार भी कर सकते हैं। व्यायाम करने के लिये मजबूत कुर्सी लें और संतुलन बनाकर रखें।

# बिना अनुमति के आधार कार्ड बनाने वालों के ख़िलाफ़ होगी कार्यवाही

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक महात्मा विदुर सभागार, कलक्ट्रेट, बिजनौर में आयोजित की गयी, जिसमें सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों / प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित ने सम्बन्धित विभागों को आधार नामांकन लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। बिना वैध अनुमति के आधार कार्ड बनाने वाले संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में यूआईडीएआई, लखनऊ के प्रबन्धक श्री विवेक सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि 0 से 17 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के आधार अपडेशन/ बायोमैट्रिक कराना आवश्यक है, साथ ही जिन व्यक्तियों के



आधार कार्ड में गत 10 वर्ष से कोई अपडेशन नहीं कराया है, वह शीघ्र अपडेशन करा लें, जिससे की आधार से सम्बंधित कार्यों में व्यवधान न हो। आधार से सम्बन्धित दरों से अवगत कराते हुये स्पष्ट किया गया कि नये आधार आवेदन हेतु निःशुल्क, फिंगरप्रिन्ट / बायोमैट्रिक हेतु रुपये 125 एवं आधार अपडेशन हेतु 75 की दर से ही शुल्क लिया जाये और साथ ही उक्त से सम्बन्धित प्राप्ति रसीद प्राप्त करते हुये निर्धारित दरों से अधिक शुल्क न दिया जाये।






सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान**
की दिली मुबारकबाद
**विवेक सेन**
सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
दसवां रोजा : शनिवार, 28 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:19, शिया 6:30
ग्याहरवां रोजा : रविवार, 1 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:19, शिया-5:11


# अभिनेता मुश्ताक के अपहरण के दो और आरोपी गैंगस्टर में गिरफ्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान का अपहरण कर फिरौती वसूलने में शामिल 10 बदमाशों पर थाना शहर कोतवाली बिजनौर ने गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। शहर कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पूर्व सभासद सार्थक चौधरी व अंकित उर्फ पहाड़ी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस गैंगस्टर एक्ट में चार बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

गौरतलब हो कि 20 नवंबर 24 को अभिनेता मुश्ताक खान को इवेंट के नाम पर बुलाकर दिल्ली से उनका अपहरण कर उन्हें बिजनौर की नई बस्ती में एक मकान में बंधक बनाकर रखा गया था। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें डरा-धमकाकर करीब 2 लाख 20 हजार रुपये की रकम वसूल ली थी। पुलिस ने जांच में पूर्व सभासद रिक्की उर्फ सार्थक चौधरी, अंकित उर्फ पहाड़ी, अजीम अहमद, गोला उर्फ दीपेंद्र उर्फ आकाश, शिवा, लवी उर्फ सुशांत उर्फ



हिमांशु, शशांक निवासी जनकपुरी गाजियाबाद और शबीउद्दीन उर्फ सैबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

12 फरवरी को थाना प्रभारी निरीक्षक रामप्रताप सिंह ने फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान का अपहरण कर फिरौती वसूलने में शामिल पूर्व सभासद सहित गिरोह के 10 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को शहर कोतवाली पुलिस ने जमानत पर चल रहे गिरोह के सरगना पूर्व सभासद सार्थक चौधरी उर्फ रिक्की व अंकित पहाड़ी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया, जबकि गिरोह के मुख्य सदस्य लवी उर्फ सुशांत उर्फ हिमांशु ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

# बिजनौर के साद मियां खान, अब नोएडा की संभालेंगे कमान



**बिजनौर (चिंगारी)।** सरकार ने एक बार फिर साद मियां खान पर भरोसा जताते हुए उन्हें उत्तर प्रदेश की 'शो विंडो सिटी' कहे जाने वाले शहर नोएडा की कमान सौंपी है। इससे पहले वह ग्रेटर नोएडा में डीसीपी के पद पर तैनात थे। वहां अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं, जिनकी लगातार सराहना होती रही है।

ग्रेटर नोएडा में नियुक्ति के दौरान साद मियां खान ने ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी कमर तोड़ दी, जिनके अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हुए थे। उनके नेतृत्व में कई कुख्यात माफियाओं पर शिकंजा कसा गया और जघन्य अपराधों में तत्परता के साथ कार्रवाई करते हुए लोगों को न्याय दिलाया गया। इसके साथ ही, चाहे जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य हो या अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बड़े आयोजन, उनके कार्यकाल में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सम्पन्न करायी गयीं। इसके अलावा, कई बड़े किसान आंदोलनों को भी उन्होंने संवाद के माध्यम से शांतिपूर्वक समाप्त कराया।

नई बस्ती, निकट कपूर कोल डिपो बिजनौर निवासी साद मियां खान अपनी कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर उन्हें यथाशीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास करते हैं। 2018 बैच के आईपीएस साद मियां खान की छवि एक कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ और तेज-तर्रार अधिकारी की है। उनके पिता श्री रईस अहमद निर्वाचन अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हैं। साद मियां खान की नई नियुक्ति से उनके माता-पिता, परिवार और मौहल्लेवासियों में खुशी की लहर है। चिंगारी परिवार साद मियां खान के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## सुरेन्द्र कपूर के दामाद की हत्या का भी खुलासा किया था

**पंजाबी सभा के संरक्षक सुरेन्द्र कपूर ने साद मियां खान के नई बस्ती स्थित आवास पर पहुंचकर उनके माता-पिता को बधाई दी। सुरेन्द्र कपूर ने बताया कि कुछ दिनों पहले नोएडा निवासी उनके दामाद की प्रॉपर्टी के विवाद के चलते हत्या कर दी गई थी। उस समय साद मियां खान की नियुक्ति नोएडा में ही थी। उन्हीं के प्रयासों से डेड बॉडी बरामद हुई थी और केस का भी खुलासा हुआ था। कपूर ने कहा कि साद मियां खान की वजह से हत्यारे पकड़े जा सके थे।**

# विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के 16 छात्रों का कम्पनी में चयन

**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें बी. फार्मा. के छात्र/छात्राओं का देश की प्रतिष्ठित कंपनी एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) में चयन हुआ। एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के एच.आर. मैनेजर मंयक शर्मा एवं उनकी टीम ने साक्षात्कार के आधार पर 16 विद्यार्थियों को कम्पनी में विभिन्न विभागों में ट्रेनिंग तत्पश्चात विभिन्न पदों के लिए चयनित किया।

फार्मेसी विभाग के डीन डा. सौरभ शर्मा ने चयनित छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनायें दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विवेक



विश्वविद्यालय के चांसलर अमित गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय में छात्रों के प्लेसमेंट के साथ-साथ उच्चस्तरीय शिक्षा एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास हो। विवेक विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर दीपक मित्तल ने कहा कि विद्यार्थी जितने स्किल फुल होंगे, कम्पनी में उनके चयन की संभावना उतनी प्रबल होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एनके गुप्ता ने चयनित छात्र/छात्राओं को शुभकामनायें दीं एवं भविष्य में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। फॉर्मेसी विभाग के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट आफिसर डा. रिजवान अहमद ने बताया कि उक्त कम्पनियों में छात्र-छात्राओं का चयन ग्रुप डिस्कशन, पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर हुआ।

# धामपुर में धूमधाम से निकाला गया रंग एकादशी का जुलूस


रंग एकादशी जुलूस का शुभारंभ करते हुए अतिथि।

**धामपुर ( चिंगारी )।** रग की एकादशी पर कल फल चौक स्थित मंदिर श्री ठाकुर द्वारा बजरिया से रंग एकादशी जुलूस का पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, भाजपा के नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल जेके समाजसेवी चिकित्सक डॉ. आदित्य अग्रवाल, दिनेश चंद्र अग्रवाल, नवीन आदि ने गुब्बारे उड़ाकर किया। जुलूस में ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार होली के हुलियारे सड़क की दोनों साइड में खड़े लोगों को रंगों से सराबोर करते हुए चल रहे थे। उनके पीछे डांस पार्टी के कलाकार नृत्य कर रहे थे। जुम्मा होने के कारण रंग एकादशी के जुलूस को मंदिर कमेटी ने समय से प्रारंभ कर दिया था। इस अवसर पर मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया की प्रबंध समिति के अध्यक्ष विभु बंसल सर्राफ, पवन अग्रवाल एडवोकेट, डॉ. पंकज अग्रवाल, अजय कुमार पिंटू, आशीष अग्रवाल, पालिका सभासद सुमित माहेश्वरी, लाजपत राय अग्रवाल मुखिया, संजय कात्यायन एडवोकेट, विजय जैन, संयम जैन, विजय चेयरमैन, नितिन अग्रवाल, मुरली अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।







## बालाजी मंदिर में महिलाओं ने खेली फूलों की होली

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मेंन मार्केट में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में महिला भक्तों द्वारा रंग एकादशी पर होली का पर्व (रंगोत्सव) हर्षोल्लास के साथ परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समता जोशी, पूनम गिरि पुजारिन, सुधा, रुक्मेश मीनाक्षी, आयुषी, कंचन, उर्मिला, आशा देवी प्रभा, उमंगी, तथा अनेक महिलाओं ने फूलों की होली खेली और आपस में एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस दौरान सभी महिला भक्त होली के भजनों पर भक्ति रस में डूबी रही। इस अवसर पर मंदिर के स्वामित्व महंत डॉ अमित गिरि महाराज ने कहा कि होली का त्यौहार केवल रंगों का त्यौहार ही नहीं अपितु प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। मंदिर प्रांगण में महंत आदित्य गिरि, अनीता, सुनीता ,मीणा, पुष्पा तथा अनेक महिला श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका के पूर्व सभासद विनोद शर्मा चंदूलाल का निधन

### भगत सिंह चौक पर आज नहीं खेली गई होली


फाइल फोटो विनोद शर्मा चंदूलाल

**धामपुर ( चिंगारी )।** शहीद ए आजम भगत सिंह चौक निवासी नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद विनोद शर्मा चंदूलाल का बीती रात मेरठ में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। उनके निधन का समाचार पाकर भगत सिंह चौक पर शोक की लहर दौड़ गई। शोक स्वरूप आज युवाओं ने भगत सिंह चौक पर होली नहीं खेली। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सभासद विनोद शर्मा चंदूलाल का स्वास्थ्य पिछले लगभग एक वर्ष से सही नहीं था, उनका मेरठ में उपचार चल रहा था। जहां बीती रात उनका स्वर्गवास हो गया। विनोद शर्मा चंदूलाल हमेशा कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित रहे। उन्होंने कांग्रेस और यूथ कांग्रेस में विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन का कार्य किया। वह तीन बार नगर पालिका परिषद ,धामपुर के सभासद रहे। इस दौरान उन्होंने अपने वार्ड मोहल्ला खातियान में अनेक विकास कार्यों को कराया। विनोद शर्मा चंदूलाल ब्राह्मण समाज में भी सक्रिय रहे। वह सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते थे। शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह चौक का सौंदर्यकरण कराने में उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया था। उनके निधन से मेंन मार्केट में भगत सिंह चौक पर शोक की लहर दौड़ गई।

# आरएसएम की रासेयो स्वयंसेविकायें पुलिस से सीख रहीं नेतृत्व क्षमता व सामाजिक जिम्मेदारी

### 30 दिवसीय प्रशिक्षण में कर रही प्रतिभाग


थाने में मौजूद छात्राएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** आरएसएम कॉलेज धामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं पुलिस एक्पीरियंटाइल लर्निंग (एसपीईएल) प्रोग्राम के अंतर्गत थाना धामपुर में थाना प्रभारी मृदुल कुमार के नेतृत्व में 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर रहे हैं। यह कार्यक्रम 3 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं सामुदायिक सेवा की भावना का विकास करना है।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को पुलिस अधिकारियों द्वारा अनुशासन, कानून व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, आपदा प्रबंधन एवं सामुदायिक समन्वय से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवक समाज के विभिन्न वर्गों के साथ जुड़कर स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

एसपीईएल प्रोग्राम के जिले के नोडल अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत पोर्टल के माध्यम से पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न जनपदों में संचालित किया जा रहा है। थाना धामपुर की नोडल अधिकारी सब-इंस्पेक्टर शिवानी चौहान और सहायक सब इंस्पेक्टर अंकुश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें समाज सेवा के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं तथा पुलिस बल के साथ कार्य करने का अनुभव उनके व्यक्तित्व और नेतृत्व कौशल को सशक्त बना रहा है। एसपीईएल प्रोग्राम के अंतर्गत आर.एस.एम. कॉलेज धामपुर की छात्राएं -खुशी बिश्नोई, तनु यादव, जिया असद, खुशी राजपूत, प्राची, पायल रानी एवं कृतिका रस्तौगी शामिल रही।

## 3 मार्च को सिद्धबली मंदिर के कपाट रहेंगे बंद

**कोटद्वार ( चिंगारी )। आगामी 3 मार्च ( मंगलवार ) को खग्रास चन्द्र ग्रहण रहेगा, जिसका समय दोपहर 3 बजकर 27 मिनट से शाम 6 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। प्रातः 6 बजकर 27 मिनट से सूतक होने के कारण श्री सिद्धबली मंदिर के कपाट बन्द हो जायेंगे, जो 4 मार्च को यथावत खोल दिये जायेंगे। यह जानकारी मंदिर के प्रबंध समिति के सचिव शिव प्रसाद पोखरियाल ने दी।**

# नहटौर में धूमधाम से निकला रंग एकादशी का जुलूस

## हुलियारों ने की रंग की बौछार


जुलूस का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए श्रीमती शोभा रानी

**नहटौर ( चिंगारी )। होली हवन कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एकादशी का जुलूस पंचायती मंदिर से प्रारंभ हुआ। जुलूस में हुलयारे एक-दूसरे पर रंगों की बौछार करते चल रहे थे।**

होली हवन कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को मोहन्ना पंचायती मंदिर से जुलूस का शुभारम्भ भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रेम सोहार्द एवं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारे सनातन परंपराओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ समाज में एकता, समर्थता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं।

जुलूस में राधा कृष्ण, काली का अखाड़ा, देशभक्ति सहित कई आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हुरियारे पिचकारियों से रंगों की बौछार करते चल रहे थे। युवा ढोल-बाजे के आगे थिरक रहे थे। इस अवसर पर होली हवन कमेटी के अध्यक्ष ऋषभ जैन, राकेश चौधरी, अर्पित गुप्ता एडवोकेट उर्मिला पाल, अंकुश अग्रवाल, विनीता शर्मा, अरविन्द जोशी, रोहित सैनी, आदेश चंद्रा, राहुल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# गौ सेवा आयोग सदस्य ने किया निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लोकेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री दीपक गोयल, सदस्य गौ सेवा आयोग ने शुक्रवार को जनपद बिजनौर के गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। सदस्य द्वारा सर्वप्रथम गौ आश्रय स्थल-मिर्जापुर ढीकली, वि.ख.- नूरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा. विनय कुमार, पशुचिकित्सा अधिकारी, नूरपुर, नीरज कुमार, ग्राम पंचायत सचिव, चन्द्रपाल सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी, पंकज कुमार, रोजगार सेवक, सलाउददीन, शमशाद, सायरा, कैयर टेकर उपस्थित रहे। गौ आश्रय स्थल-मिर्जापुर ढीकली में वर्तमान में कुल 112 गौवंश संरक्षित हैं। गौ आश्रय स्थल में गौवशों के लिये भूसा, हरा चारा, चोकर, गुड़, इत्यादि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला। गौवंशों को हरा चारा आपूर्ति व साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके पश्चात सदस्य द्वारा गौ आश्रय स्थल-फीना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय डा.स्वाती सचान, पशुचिकित्सा अधिकारी, फीना, डा. विनय कुमार, पशुचिकित्सा अधिकारी, नूरपुर, डा. अनुज कुमार यादव, पशुचिकित्सा अधिकारी, मुराहट, श्रीमती रजनी जोहर, संचालक गौ आश्रय स्थल-फीना, पूजा रानी, ग्राम प्रधान फीना उपस्थित रहे।


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

दसवां रोजा : शनिवार, 28 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:19, शिया 6:30
ग्याहरवां रोजा : रविवार, 1 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:19, शिया-5:11


# पदाधिकारी मनोनीत किये





आफताब मंसूरी | वाजिद मकरानी | खालिद मंसूरी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) ने अपने पदाधिकारी मनोनीत किये हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. धर्मेन्द्र सिंह की अनुमति से जिलाध्यक्ष बिजनौर आमिर पठान ने आफताब मंसूरी को ब्लॉक नजीबाबाद का अध्यक्ष, वाजिद मकरानी को ब्लॉक उपाध्यक्ष तथा खालिद मंसूरी को तहसील नजीबाबाद का सचिव मनोनीत किया है। उक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए किसानों के हकों की आवाज मजबूती से उठाने की बात कही है। उन्होंने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने की भी बात कही है। सराय आलम के पूर्व ग्राम प्रधान महेशचंद, इरफान अहमद, जमशेद मलिक, नईम अहमद, मास्टर यूनुस आदि ने तीनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# हनी ट्रैप के जरिए रिक्शा चालक को ब्लैकमेल करने का आरोप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गंज क्षेत्र के ग्राम निजामतपुरा की एक महिला ने पड़ोसियों पर हनी ट्रैप के जरिए ब्लैकमेलिंग, घर में घुसकर मारपीट करने व सोने के जेवर छीनने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम निजामतपुरा निवासी संगीता पत्नी कुलदीप ने एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसका पति रिक्शा चलाता है। रिक्शे पर उनका मोबाइल नंबर लिखा हुआ है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली एक युवती ने उसी नंबर पर संपर्क कर हनी ट्रैप के जरिए उसके पति को ब्लैकमेल करना शुरू किया। पीड़िता के अनुसार 16 अक्टूबर 25 को उसने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई थी। उस समय समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया गया था। महिला का कहना है कि कुछ समय तक कॉल बंद रही, लेकिन बाद में फिर से मैसेज आने लगे। आरोप है कि मैसेज में उसके पति को कॉल न करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। 26 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे वह शिकायत करने पड़ोसी के घर पहुंची। वहां आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर जबरन घर के अंदर खींच लिया और उसके साथ अभद्रता की। शोर मचाने पर आरोपी की बेटियां और पत्नी भी आ गई। सबने मिलकर मारपीट की। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसके परिवार को दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# रंगों का पर्व होली व ईद का त्यौहार मनायें शासन की गाइड लाइन के अनुसार


शांति समिति की मीटिंग में मौजूद क्षेत्रवासी

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** रंगों के पर्व होली, अलविदा जुमा व ईद के मद्देनजर थाना प्रांगण में हुई शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक ने शासन-प्रशासन के आदेश-निर्देशों से अवगत कराते हुए क्षेत्रवासियों से अमन-चैन एवं भाईचारे के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील की है। शुक्रवार को थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर होने वाले कार्यक्रमों के आयोजकों, समिति के सदस्य, धर्म गुरु तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, कार्यक्रमों की देखरेख करने वाले सदस्य, शांति समिति के सदस्यों, पुलिस मित्रों, पत्रकार बंधु व डीजे संचालक उपस्थित हुए। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेन्द्र कुमार शर्मा ने बैठक में मौजूद क्षेत्रवासियों को शासन तथा उच्च अधिकारियों द्वारा निर्गत आदेश व निर्देश से अवगत कराया। अमन चैन के साथ त्यौहार मनाएं। त्यौहारों पर माहौल खराब करने की कोशिश न की जाए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. दिलशाद अंसारी, सुरेंद्र कर्णवाल, शाहनवाज खां उर्फ शक्कन, अंकित गुप्ता, मुकेश आर्य, मास्टर आशाराम सैनी, पत्रकार राशिद मलिक, जीत सिंह, मंगल सिंह ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र के अन्य लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अतीक अली जैदी ने किया।

# होली पर्व को खास बनाता है भगवान नरसिंह का जुलूस

## द्वादशी के जुलूस के साथ नगीना में होली उत्सव प्रारंभ


**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना में होली का उत्सव व हुड़दंग आज नगर में निकाले गए द्वादशी के रंग के जुलूस के साथ शुरू हो गया। यहां द्वादशी के रंग के जुलूस के अलावा दुल्हैंडी तक तीन जुलूस और निकाले जाने की बहुत पुरानी परंपरा है। यहां दुल्हैंडी से पूर्व होली के दिन रात्रि में निकलने वाला भगवान नरसिंह का परंपरागत जुलूस होली के पर्व को और अधिक ऐतिहासिक व खास बनाता है। इस बार नगर में होली का पर्व तीन मार्च को व दुलहैंडी चार मार्च को मनाई जाएगी।

श्री नरसिंह भगवान सेवा समिति के अध्यक्ष अनंत जैन ने बताया कि होली पर्व की रात्रि में तीन मार्च को निकलने वाला भगवान नरसिंह के जुलूस की शोभायात्रा का इस बार 75 वां साल है। श्रद्धालु जुलूस के दौरान भगवान नरसिंह से मन्नत मांगते हुए पूजा-अर्चना करते हुए प्रसाद चढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि जुलूस में इस बार सात मनमोहक झांकी, एक बैंड, ढोल ताशे व



डीजे शामिल रहेगा। उन्होंने बताया कि तीन मार्च की शाम को श्री पीपल महादेव मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद प्राचीन देवता मंदिर से विधिवत जुलूस प्रारंभ हो जाएगा, जो रात्रि में नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेशन पर जाकर संपन्न होगा। नगीना में आमतौर पर यह परंपरा है कि नरसिंह भगवान के जुलूस संपन्न होने के बाद ही होलिका दहन होता है।

होली रंग गुलाल समिति के अध्यक्ष व भाजपा नेता प्रमोद चौहान ने बताया कि सूखे रंग गुलाल का जुलूस परंपरागत तरीके से पूरे उत्साह के साथ दुल्हैंडी के दिन चार मार्च की सुबह करीब आठ बजे प्राचीन देवता मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए समिति के



101 जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे जुलूस नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ रेलवे स्टेशन तिराहे पर पहुंचकर संपन्न होगा। वह बताते हैं कि इस बार जुलूस में सूखे रंग गुलाल के साथ-साथ फूलों की भी होली खेली जाएगी। जुलूस में बच्चों के आकर्षण के लिए ऊंट व हास्य विनोद की कई चीजों को शामिल किया गया है।

श्री बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल बताते हैं कि 28 फरवरी को द्वादशी के दिन आज गीले रंग व दुल्हैंडी के दिन चार



मार्च को दोपहर में निकलने वाले गीले रंग के जुलूस का आयोजन बड़ा मंदिर कमेटी द्वारा होता है। उन्होंने बताया कि द्वादशी के दिन निकलने वाले रंग के जुलूस का शुभारंभ बड़ा मंदिर से हुआ तथा दुल्हैंडी के दिन निकलने वाले गीले रंग के जुलूस का शुभारंभ प्राचीन देवता मंदिर से होता है।

### पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि होली पर्व के मौके पर नगर में निकलने वाले सभी चार जुलूसों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान वीडियो ग्राफी के साथ-साथ शरारती तत्वों की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।**

## 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के रूप में मनाया शिविर का छठा दिन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत कॉलेज हल्दौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजन के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्या डा. पंकज सिंह एंव कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने सयुंक्त रूप से भारत माता और सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कॉलेज प्राचार्या डा. पंकज सिंह ने अपने सम्बोधन में स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न जानकारी स्वयंसेवियों को दी। उन्होंने बताया कि जब तक हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होगा, तब तक हमारा मन किसी भी कार्य में नहीं लगेगा। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन से गहरा रिश्ता है। हमें अपने शरीर की साफ-सफाई के साथ-साथ अपने आस-पास के क्षेत्रों की भी सफाई रखनी चाहिए। शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए और अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा रखना चाहिए, जिससे कि हमें स्वच्छ हवा मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. विजयवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवानी राजपूत, अजय कुमार, जावेद अहमद आदि का सहयोग रहा।

## क्षत्राणी महिला समूह ने मनाया होली मिलन समारोह



**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत जैतरा की सिंह विहार कॉलोनी में क्षत्राणी महिला समूह द्वारा होली के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और डीजे की धुन पर जमकर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। इस आयोजन में करणी सेना की जिला अध्यक्ष शोभा राजपूत, संगठन मंत्री निर्देश राजपूत, महामंत्री मंजू रानी, ग्राम प्रधान सुनीता देवी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांचल, पूनम, लता, अमृता, सोनल, चंचल, रीता, ज्योति, मानसा, मोनिका, सविता, मौसमी आदि महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## दो बाइकों की भिड़न्त में एक की मौत, तीन घायल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम उधोवाला में शुक्रवार की दोपहर बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक बाइक चालक धामपुर निवासी 55 वर्षीय जितेंद्र चौहान की मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक चालक अफजलगढ़ के कुंदन कॉलोनी निवासी मौ. आलम पुत्र सरवर हुसैन सहित दोनों बाइकों पर सवार एक महिला कासमपुर गढ़ी निवासी अर्चना देवी पत्नी तेजपाल चौहान व एक छात्रा अफजलगढ़ की डूडा कॉलोनी निवासी रफीक अहमद की पुत्री सानिया परवीन गंभीर रूप से घायल अवस्था में काशीपुर के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। दोनों बाइकों की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइकों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक बाइक पर सवार मृतक जितेंद्र चौहान व घायल अर्चना देवी अफजलगढ़ निवासी अपने रिश्तेदार के यहां शोक में जा रहे थे, जबकि दूसरी बाइक पर सवार घायल छात्रा सानिया परवीन बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा देने सीरवासुचंद स्थित राजबाला देवी इंटर कॉलेज जा रही थी, जिसे बाइक चालक मौ. आलम कॉलेज छोड़ने जा रहा था। इस सड़क हादसे से इन चारों परिवारों में कोहराम मच गया।

## दो व्यापारियों की पत्नियों के निधन से किरतपुर में शोक की लहर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में आज दो व्यापारियों की पत्नियों का निधन होने से व्यापारी समाज व नगर में शोक व्याप्त हो गया। व्यापारी मनोज अग्रवाल उर्फ डब्बू भाई की पत्नी अंजू अग्रवाल (53 वर्ष) का कल रात मेरठ के प्राइवेट अस्पताल में निधन हो गया। इसके अलावा आज सुबह 7:30 बजे व्यापारी अशोक रस्तौगी की धर्मपत्नी विजय लक्ष्मी रस्तौगी का हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। दो व्यापारियों की पत्नियों का निधन होने पर व्यापारी वर्ग व नगर में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों महिलाएं व्यवहार कुशल थीं। दोनों महिलाओं की शवयात्रा में काफी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। दोनों के निधन पर सतेंद्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल (भट्टे वाले), देवेंद्र चौधरी, जुगल कालरा, दिव्यांशु गोयल, सुंदर गोयल, विवेक जैमिनी, अनुप रस्तौगी, ऋषभ सिंघल, मुदस्सिर जमा खां, राहिद (होटल वाले), राजीव अग्रवाल (नजीबाबाद वाले), अंकुर अग्रवाल, तिलक कालरा, नरेश कालरा, मुकुल सराफ, अनिल रस्तोगी, प्रदीप अग्रवाल, पत्रकार प्रदीप चौहान, ललित मेहरा, अमित अग्रवाल, मुकेश गोयल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## वित्तीय अनियमितता के आरोप में बैंक के जूनियर मैनेजर सस्पैंड

**नांगल सोती ( चिंगारी )। पंजाब नैशनल बैंक की नांगल शाखा में कार्यरत जूनियर मैनेजर को वित्तीय अनियमितता के आरोप में सस्पैंड किया गया है। जांच अभी भी जारी है। बैंक अधिकारी इस सम्बन्ध में जानकारी देने से बच रहे हैं। कुमार रतनदीप पीएनबी की नांगल शाखा में जूनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उन पर गंभीर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगे थे। पीएनबी के बिजनौर स्थित रीजनल ऑफिस द्वारा इस वित्तीय अनियमितता की जांच की जा रही है। प्रारम्भिक जांच के आधार पर जूनियर मैनेजर कुमार रतनदीप को सस्पैंड कर दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि जांच अभी जारी है। वित्तीय अनियमितता पूर्व प्रबंधक के समय की बताई जाती है। जांच की आंच पीएनबी के और लोगों पर भी आ सकती है। हालांकि पीएनबी के अधिकारी इस सम्बन्ध में जानकारी देने से बच रहे हैं। पीएनबी के रीजनल मैनेजर बिजनौर अजीत कुमार पांडेय से जानकारी चाही गई, तो उन्होंने बाहर होने और बाद में बात करने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया, जबकि क्षेत्र में इस प्रकरण को लेकर चर्चायें जोरों पर हैं।**

## साप्ताहिक बाज़ार में महिला से मारपीट का विडियो वायरल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जलालाबाद स्थित फ्लाईओवर के नीचे लगने वाले साप्ताहिक बाजार में बीते गुरूवार को कुछ दुकानदारों ने एक महिला पर चोरी का आरोप लगाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। महिला की पिटाई के दौरान वहां जमा भीड़ तमाशा देखती रही। महिला की पिटाई का सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस द्वारा इसका संज्ञान लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साप्ताहिक बाजार में महिला से मारपीट के मामले में एक क्षेत्रीय एनजीओ ने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस महानिरीक्षक बरेली, बिजनौर पुलिस व उत्तर प्रदेश सरकार को टैग करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# होली पर्व को खास बनाता है भगवान नरसिंह का जुलूस

## द्वादशी के जुलूस के साथ नगीना में होली उत्सव प्रारंभ


**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना में होली का उत्सव व हुड़दंग आज नगर में निकाले गए द्वादशी के रंग के जुलूस के साथ शुरू हो गया। यहां द्वादशी के रंग के जुलूस के अलावा दुल्हैंडी तक तीन जुलूस और निकाले जाने की बहुत पुरानी परंपरा है। यहां दुल्हैंडी से पूर्व होली के दिन रात्रि में निकलने वाला भगवान नरसिंह का परंपरागत जुलूस होली के पर्व को और अधिक ऐतिहासिक व खास बनाता है। इस बार नगर में होली का पर्व तीन मार्च को व दुलहैंडी चार मार्च को मनाई जाएगी।

श्री नरसिंह भगवान सेवा समिति के अध्यक्ष अनंत जैन ने बताया कि होली पर्व की रात्रि में तीन मार्च को निकलने वाला भगवान नरसिंह के जुलूस की शोभायात्रा का इस बार 75 वां साल है। श्रद्धालु जुलूस के दौरान भगवान नरसिंह से मन्नत मांगते हुए पूजा-अर्चना करते हुए प्रसाद चढ़ाते हैं।



उन्होंने बताया कि जुलूस में इस बार सात मनमोहक झांकी, एक बैंड, ढोल ताशे व डीजे शामिल रहेगा। उन्होंने बताया कि तीन मार्च की शाम को श्री पीपल महादेव मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद प्राचीन देवता मंदिर से विधिवत जुलूस प्रारंभ हो जाएगा, जो रात्रि में नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए स्टेशन पर जाकर संपन्न होगा। नगीना में आमतौर पर यह परंपरा है कि नरसिंह भगवान के जुलूस संपन्न होने के बाद ही होलिका दहन होता है।

होली रंग गुलाल समिति के अध्यक्ष व भाजपा नेता प्रमोद चौहान ने बताया कि सूखे रंग गुलाल का जुलूस परंपरागत तरीके से पूरे उत्साह के साथ दुल्हैंडी के दिन चार मार्च की सुबह करीब आठ बजे प्राचीन देवता मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए समिति के 101 जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे जुलूस नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ रेलवे स्टेशन तिराहे पर पहुंचकर संपन्न होगा। वह बताते हैं कि इस बार जुलूस में सूखे रंग गुलाल के साथ-साथ फूलों की भी होली खेली जाएगी। जुलूस में बच्चों के आकर्षण के लिए ऊंट व हास्य विनोद की कई चीजों को शामिल किया गया है।



### पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क

**पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि होली पर्व के मौके पर नगर में निकलने वाले सभी चार जुलूसों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान वीडियो ग्राफी के साथ-साथ शरारती तत्वों की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।**

श्री बड़ा मंदिर मुक्तेश्वरनाथ कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल बताते हैं कि 28 फरवरी को द्वादशी के दिन आज गीले रंग व दुल्हैंडी के दिन चार मार्च को दोपहर में निकलने वाले गीले रंग के जुलूस का आयोजन बड़ा मंदिर कमेटी द्वारा होता है। उन्होंने बताया कि द्वादशी के दिन निकलने वाले रंग के जुलूस का शुभारंभ बड़ा मंदिर से हुआ तथा दुल्हैंडी के दिन निकलने वाले गीले रंग के जुलूस का शुभारंभ प्राचीन देवता मंदिर से होता है।



## 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के रूप में मनाया शिविर का छठा दिन

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गहलौत कॉलेज हल्दौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजन के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्राचार्या डा. पंकज सिंह एंव कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने सयुंक्त रूप से भारत माता और सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कॉलेज प्राचार्या डा. पंकज सिंह ने अपने सम्बोधन में स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न जानकारी स्वयंसेवियों को दी। उन्होंने बताया कि जब तक हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होगा, तब तक हमारा मन किसी भी कार्य में नहीं लगेगा। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छता का हमारे जीवन से गहरा रिश्ता है। हमें अपने शरीर की साफ-सफाई के साथ-साथ अपने आस-पास के क्षेत्रों की भी सफाई रखनी चाहिए। शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए और अपने आसपास के क्षेत्र को हरा-भरा रखना चाहिए, जिससे कि हमें स्वच्छ हवा मिल सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. विजयवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवानी राजपूत, अजय कुमार, जावेद अहमद आदि का सहयोग रहा।

## क्षत्राणी महिला समूह ने मनाया होली मिलन समारोह



**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत जैतरा की सिंह विहार कॉलोनी में क्षत्राणी महिला समूह द्वारा होली के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और डीजे की धुन पर जमकर नृत्य कर उत्सव का आनंद लिया। इस आयोजन में करणी सेना की जिला अध्यक्ष शोभा राजपूत, संगठन मंत्री निर्देश राजपूत, महामंत्री मंजू रानी, ग्राम प्रधान सुनीता देवी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता हिमांचल, पूनम, लता, अमृता, सोनल, चंचल, रीता, ज्योति, मानसा, मोनिका, सविता, मौसमी आदि महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## दो बाइकों की भिड़न्त में एक की मौत, तीन घायल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम उधोवाला में शुक्रवार की दोपहर बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक बाइक चालक धामपुर निवासी 55 वर्षीय जितेंद्र चौहान की मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक चालक अफजलगढ़ के कुंदन कॉलोनी निवासी मौ. आलम पुत्र सरवर हुसैन सहित दोनों बाइकों पर सवार एक महिला कासमपुर गढ़ी निवासी अर्चना देवी पत्नी तेजपाल चौहान व एक छात्रा अफजलगढ़ की डूडा कॉलोनी निवासी रफीक अहमद की पुत्री सानिया परवीन गंभीर रूप से घायल अवस्था में काशीपुर के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन है। दोनों बाइकों की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइकों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक बाइक पर सवार मृतक जितेंद्र चौहान व घायल अर्चना देवी अफजलगढ़ निवासी अपने रिश्तेदार के यहां शोक में जा रहे थे, जबकि दूसरी बाइक पर सवार घायल छात्रा सानिया परवीन बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा देने सीरवासुचंद स्थित राजबाला देवी इंटर कॉलेज जा रही थी, जिसे बाइक चालक मौ. आलम कॉलेज छोड़ने जा रहा था। इस सड़क हादसे से इन चारों परिवारों में कोहराम मच गया।

## दो व्यापारियों की पत्नियों के निधन से किरतपुर में शोक की लहर

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में आज दो व्यापारियों की पत्नियों का निधन होने से व्यापारी समाज व नगर में शोक व्याप्त हो गया। व्यापारी मनोज अग्रवाल उर्फ डब्बू भाई की पत्नी अंजू अग्रवाल (53 वर्ष) का कल रात मेरठ के प्राइवेट अस्पताल में निधन हो गया। इसके अलावा आज सुबह 7:30 बजे व्यापारी अशोक रस्तौगी की धर्मपत्नी विजय लक्ष्मी रस्तौगी का हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। दो व्यापारियों की पत्नियों का निधन होने पर व्यापारी वर्ग व नगर में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों महिलाएं व्यवहार कुशल थीं। दोनों महिलाओं की शवयात्रा में काफी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। दोनों के निधन पर सतेंद्र अग्रवाल, अरुण अग्रवाल (भट्टे वाले), देवेंद्र चौधरी, जुगल कालरा, दिव्यांशु गोयल, सुंदर गोयल, विवेक जैमिनी, अनुप रस्तौगी, ऋषभ सिंघल, मुदस्सिर जमा खां, राहिद (होटल वाले), राजीव अग्रवाल (नजीबाबाद वाले), अंकुर अग्रवाल, तिलक कालरा, नरेश कालरा, मुकुल सराफ, अनिल रस्तोगी, प्रदीप अग्रवाल, पत्रकार प्रदीप चौहान, ललित मेहरा, अमित अग्रवाल, मुकेश गोयल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## वित्तीय अनियमितता के आरोप में बैंक के जूनियर मैनेजर सस्पैंड

**नांगल सोती ( चिंगारी )। पंजाब नैशनल बैंक की नांगल शाखा में कार्यरत जूनियर मैनेजर को वित्तीय अनियमितता के आरोप में सस्पैंड किया गया है। जांच अभी भी जारी है। बैंक अधिकारी इस सम्बन्ध में जानकारी देने से बच रहे हैं। कुमार रतनदीप पीएनबी की नांगल शाखा में जूनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उन पर गंभीर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगे थे। पीएनबी के बिजनौर स्थित रीजनल ऑफिस द्वारा इस वित्तीय अनियमितता की जांच की जा रही है। प्रारम्भिक जांच के आधार पर जूनियर मैनेजर कुमार रतनदीप को सस्पैंड कर दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि जांच अभी जारी है। वित्तीय अनियमितता पूर्व प्रबंधक के समय की बताई जाती है। जांच की आंच पीएनबी के और लोगों पर भी आ सकती है। हालांकि पीएनबी के अधिकारी इस सम्बन्ध में जानकारी देने से बच रहे हैं। पीएनबी के रीजनल मैनेजर बिजनौर अजीत कुमार पांडेय से जानकारी चाही गई, तो उन्होंने बाहर होने और बाद में बात करने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया, जबकि क्षेत्र में इस प्रकरण को लेकर चर्चायें जोरों पर हैं।**

## साप्ताहिक बाज़ार में महिला से मारपीट का विडियो वायरल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जलालाबाद स्थित फ्लाईओवर के नीचे लगने वाले साप्ताहिक बाजार में बीते गुरूवार को कुछ दुकानदारों ने एक महिला पर चोरी का आरोप लगाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। महिला की पिटाई के दौरान वहां जमा भीड़ तमाशा देखती रही। महिला की पिटाई का सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने के बाद भी पुलिस द्वारा इसका संज्ञान लेकर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साप्ताहिक बाजार में महिला से मारपीट के मामले में एक क्षेत्रीय एनजीओ ने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस महानिरीक्षक बरेली, बिजनौर पुलिस व उत्तर प्रदेश सरकार को टैग करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# रंग में भंग डालने वालों की ख़ैर नहीं

## त्यौहार खुशी से मनायें, रखें किसी से बैर नहीं



बैठक को सम्बोधित करते डाक्टर मनोज वर्मा

**स्योहारा (चिंगारी)।** आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर स्योहारा थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर इमाम मौलाना कामिल के अलावा शहर के गणमान्य लोगों, व्यापारियों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने की और संचालन इकबाल रूमानी ने किया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि दोनों त्यौहार आपसी भाईचारे और परंपरा के अनुसार मनाए जाएं। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक और समाजसेवी डॉक्टर मनोज कुमार वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शांति के साथ त्यौहारों को मनाए जाने की अपील की। बैठक में उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि शहर की गंगा-जमुनी तहजीब को हर हाल में बनाए रखा जाएगा। त्यौहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, गश्त बढ़ाने और सोशल मीडिया पर निगरानी रखने की बात कही। इस दौरान रजत रस्तौगी, पीयूष रस्तौगी, मोहित रस्तोगी, रवि वर्मा, व्यापारी नेता अमित वर्मा, शंशाक विश्नोई, संजीव जैन, सुरेंद्र सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत

**स्योहारा (चिंगारी)।** मुरादाबाद जाने वाली अप लाइन पर पोल संख्या 1444- 55 के पास रेलवे फाटक के निकट उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गजराज पुत्र हरिश्चंद निवासी ग्राम जट नंगला किसी कारणवश ट्रैक के समीप मौजूद था, तभी अचानक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत घायल को उठाया और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया, जहां उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के आसपास सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# होली के मद्देनज़र अभियान चलाकर 10 नमूने लिये

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नगीना एवं नजीबाबाद क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के 10 नमूने संग्रहित किए गए। टीम द्वारा खोया के 2, पनीर के 2, सरसों के तेल के 2, साबूदाना का एक, तिल के तेल का एक, गुंजिया का एक तथा दही का एक नमूना लेकर रासायनिक जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुपम यादव, डी.के. वर्मा, शंभू दयाल एवं नरेश कुमार शामिल रहे। विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि रंगीन मिठाइयों से बचें, सफाई देखकर ही खाद्य सामग्री खरीदें तथा एक्सपायरी तिथि अवश्य जांचें। वहीं व्यापारियों को सफाई रखने, बार-बार तेल का प्रयोग न करने तथा मिलावटी खोया का उपयोग न करने के निर्देश दिये गये हैं, अभियान फिलहाल जारी रहेगा।



# शेरकोट में धूमधाम से निकला एकादशी का जुलूस



**शेरकोट (चिंगारी)।** नगर में एकादशी के अवसर पर सूखे रंग का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। जुलूस में हुरियारों ने होली के गीतों पर थिरकते हुए जमकर रंग गुलाल उड़ाया। शनिवार की सुबह विगत वर्षों की भांति नगर के द्रौपदा मंदिर प्रांगण में आदर्श होली कमेटी के तत्वावधान में यज्ञ का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया। इसके उपरांत बैंक ऑफ बड़ौदा चौक से शुरु हुए सूखे रंग के जुलूस का भाजपा नेता शरदचंद्र शर्मा और राजवीर गहलौत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इसके बाद जुलूस नगर के परम्परागत रास्तों से होकर मौहल्ला फतेहनगर स्थित गढ़ी मंदिर पर पहुंचा और फिर बैंक ऑफ बड़ौदा पर जाकर शांतिपूर्वक समाप्त हो गया। जुलूस में हुरियारे ढोल व डीजे की थाप पर नाचते-गाते और गुलाल उड़ाते चल रहे थे, जिससे वातावरण होली की मस्ती में सराबोर दिखाई दिया। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के मौजूद रहे। जुलूस आयोजन में मुकेश रस्तौगी, नरेन्द्र प्रताप यादव, राकेश रूहेला, सतीश चौहान, तनुज बंसल, शरदचन्द्र शर्मा, अमित रस्तौगी, सभासद राधे सैनी, शशिकांत शर्मा, अंकुर जैन, अमित रूहेला, सुरेन्द्र रूहेला, फूलसिंह सैनी आदि का सहयोग रहा।

# पूरी-पूरी रात सिलाई में मशगूल रहने लगे दर्जी

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** ईद अभी दूर है, मगर दर्जी अभी से ही पूरी-पूरी रात जागकर सिलाई कार्य में जुट गए हैं। हालांकि वर्तमान में रेडीमेड कपड़ों का चलन काफी ज्यादा बढ़ गया है, लेकिन ईद-उल-फित्र में खास तौर से कुर्ते पजामे के बढ़ते क्रेज को लेकर लोग रेडीमेड कुर्ता-पजामा खरीदने के मुकाबले सिलवाकर पहनना ज्यादा पसंद करते हैं। बात पैंट-शर्ट की करें तो पैंट शर्ट सिलवाकर पहनने वाले लोग भी कम नहीं हैं, मगर रेडीमेड पैंट शर्ट पहनने वाले कुछ ज्यादा नज़र आते हैं। फिलहाल कुर्ता पजामा सिलवाने वालों की भीड़ दर्जियों की दुकानों पर अभी से ही लगनी शुरू हो गई है। काम का भार कम करने अथवा समय पर पूरा करने की गरज से दर्जी पूरी-पूरी रात सिलाई कार्य करने में जुट गए हैं। दिन में सुबह से लेकर शाम तक और दिन छिपे से तड़के तक कई-कई शिफ्टों में सिलाई मशीनों पर दर्जियों की टीमों ने सिलाई कार्य करना शुरू कर दिया है। कासमपुर गढ़ी में सिलाई का काम करते गुलफाम टेलर, हाफिज अय्यूब व नसीम अहमद आदि ने बताया कि कुर्ता पजामा सिलवाने वालों की कतार अभी से लगनी शुरू हो गई है।



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इलाही बख़्श स्कूल में हुआ ख़ास कार्यक्रम

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर इलाहीबख़्श पब्लिक स्कूल में एक खास प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल की छात्राओं ने एलोवेरा जेल का प्रयोग करके उसके फायदे और अहमियत को आसान तरीके से समझाया। कार्यक्रम में बताया गया कि भारत में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसी दिन महान वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन ने साल 1928 में 'रमन प्रभाव' की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला था।

स्कूल की छात्राएं नुज़हत परवीन, सिदरा जैदी, सुमैय्या और शफिया जाकिर ने एलोवेरा जेल का प्रयोग दिखाते हुए उसके औषधीय गुणों और फायदों के बारे में जानकारी दी। शिक्षिका सायमा अकील और लायबा इदरीस ने भी एलोवेरा के वैज्ञानिक पहलुओं, उसके इस्तेमाल और उसके स्रोत के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रशासनिक अधिकारी अतहर महमूद सिद्दीकी और प्रधानाचार्य मौ. आसिफ की देखरेख में हुआ। स्कूल के प्रबंधक मुफ्ती मौ. इरफान कासमी ने एलोवेरा की अहमियत पर धार्मिक नज़रिए से भी रोशनी डाली।

इस मौके पर बेहतर प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुनील कुमार, एडवोकेट सीताराम पिपलया, अब्दुल समी सैफी, मौ. शौकीन, हाजी अख्तर सिद्दीकी, मौ. बिलाल और एडवोकेट रमेश चंद सैनी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने विचार व्यक्त किए।



# 53वीं बार तरावीह में कुरान सुना रहे

# प्रो. जावेद अख्तर

## रमज़ान स्पेशल

रमज़ान इस्लामिक कैलेंडर का महीना है, जिसमें मुसलमान रोज़े रखते हैं और कुरान का पाठ करते हैं। इस्लाम की पवित्र किताब कुरान को मुसलमान अल्लाह के शब्द मानते हैं। इस महीने में मुसलमान एक विशेष नमाज़ तरावीह पढ़ते हैं, जिसमें कुरान ए पाक बिना देखे पढ़ा और सुना जाता है। कुरान में कुल 114 अध्याय हैं, जिन्हें सूरह (Surah) कहा जाता है। इन 114 सूरह में 6,200 से अधिक आयतें (verses) हैं, जिन्हें कुरान के पठन-पाठन और अध्ययन के लिए 30 भागों में विभाजित किया गया है, कुरान में अल्लाह की एकता, पैगंबरों की कहानियां, के अलावा जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया है, जैसे कि विश्वास, नैतिकता, आचरण, आखिरत (परलोक) और सामाजिक जिम्मेदारियां।

उत्तर प्रदेश में रमज़ान के महीने में तरावीह की नमाज़ में 70 वर्षों से कुरान सुनाने का रिकॉर्ड बिजनौर निवासी कारी अब्दुल हन्नान के नाम है, तो इसी जनपद के शहर नगीना में जन्मे प्रबंधन विद, प्रोफ़ेसर हाफ़िज़ जावेद अख्तर विभिन्न उच्च पदों पर व्यस्त रहने के बावजूद 53वीं बार तरावीह में कुरान सुनाने का सिलसिला जारी रखते हुए अपने आप में एक मिसाल बने हुए हैं। नगीना ज्ञान और दीनी शिक्षा का केंद्र है, यहां के मदरसों ने कई शख्सियतों को जन्म दिया है। 1868 के पहले से यहां हिंदुस्तान के विख्यात दीनी मदरसे स्थापित हैं। दो दर्जन के करीब दीनी मदरसों में एक नेत्रहीनों का और एक कुष्ठ रोगियों के बच्चों का भी है। इन मदरसों से बड़ी तादाद में हुफ्फ़ाज़ और उलेमा फारिग़ होकर न सिर्फ हिंदुस्तान, बल्कि सरहद पार भी दीनी और दुनियावी तालीम के क्षेत्र में खिदमत अन्जाम देते रहे हैं। उपमहाद्वीप के प्रसिद्ध अरबी स्कॉलर और आसान कुरआन के अनुवादक हाफिज़ नज़र अहमद ने दीनी तालीम अपने वतन नगीना के कासमिया मदरसा से हासिल की थी। इसी तरह उनके सगे भांजे जावेद अख्तर हैं, जिन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और कई शैक्षणिक संस्थानों में असिस्टेंट प्रोफेसर से लेकर कार्यवाहक वाइस चांसलर व डायरेक्टर तक के ओहदों पर रहते हुए कुरान की तिलावत और बा-कायदा तरावीह में कलाम पाक सुनाने का सिलसिला निरंतर कायम रखा हुआ है, जो अपने आप में एक मिसाल है।



> कुरान तमाम इंसानों के लिए है। अरबी भाषा के कुराने पाक में क्या लिखा है इसका अनुवाद हर व्यक्ति को पढ़ना चाहिए और अपने जीवन में उससे मार्गदर्शन हासिल करना चाहिए।
> -प्रो. जावेद अख्तर

एक जुलाई 1959 को नगीना शहर के मोहल्ला काजी सराय अव्वल में हाजी मोहम्मद जाफर साहब के संभ्रांत परिवार में सईद अख्तर मरहूम और कुरैशा बेगम साहिबा के घर पैदा हुए जावेद अख्तर ने अपने वतन नगीना, जिला बिजनौर की दूधी वाली मस्जिद के मदरसे में हाफिज़ अब्दुल रशीद के सामने 6 साल की उम्र में कुरान हिफ़्ज़ (कंठस्थ) करना शुरू किया था और 2 साल में कुरआन मजीद हिफ़्ज़ (कंठस्थ) कर लिया। उसके बाद बतौर सामाअ (कुरआन श्रोता) तीन साल तक तरावीह में कलाम पाक सुनते रहे। पहली बार नगीना के मोहल्ला कलालान स्थित छंगावाली मस्जिद में तरावीह में कलाम पाक सुनाया। जावेद अख्तर की प्रारम्भिक शिक्षा मोहल्ला अकाबरान में स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल में सीधे कक्षा पांच में दाखिला लेकर हुई। उसके बाद कक्षा छह में एमएम इंटर कॉलेज नगीना में दाखिला ले लिया और वहां से 1974 में हाईस्कूल और 1976 इंटर पास कर उच्च शिक्षा हासिल करने के लिये अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी चले गए। 1979 में अच्छे नम्बरों से बीकॉम में कामयाबी हासिल की। उनकी इस कामयाबी पर उन्हें गोल्ड मेडल से सरफराज़ किया गया। 1981 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमबीए और बाद में पीएचडी की डिग्री हासिल की। शिक्षा और शिक्षण की योग्यता की वजह से उन्हें अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक खिदमत का मौका मिल गया। यहां से 1984 में बतौर लेक्चरर उन्होंने अपनी अमली ज़िंदगी का आगाज़ किया। श्रेष्ठ कार्यक्षमता की बुनियाद पर 1999 में प्रोफेसर के ओहदे पर फाइज़ हुए और 25 साल तक इस पद पर बने रहे। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के दूसरे विभागों की ज़िम्मेदारियां भी बेहतर तरीके से अन्जाम दीं। डीन ऑफ मैनजमेंट फैकल्टी, चेयरमैन मैनजमेंट फैकल्टी के ओहदे पर क्रमश: 6 साल और 3 साल फाइज़ रहे और ढाई साल तक रजिस्ट्रार और ढाई साल तक कंट्रोलर ऑफ एग्ज़ामिनेशन और अक्सर कार्यवाहक वीसी के फराइज़ भी अन्जाम दिये। तक़रीबन 40 साल तक एएमयू के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहने के बाद जून 2024 में रिटायर हो गए। वर्तमान में वह अल बरकात इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज़, अलीगढ़ के डायरेक्टर के पद पर सेवारत हैं। इसके अलावा, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया वगैरह अग्रणी संस्थानों में डायरेक्टर और मैनजमेंट सलाहकार के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं।



हाफिज़ जावेद अख्तर ने पहली तरावीह छंगावाली मस्जिद नगीना में, दूसरी मस्जिद पत्थर वाली मस्जिद नगीना और तीसरी दूधी वाली मस्जिद, नगीना (जहां से उन्होंने हिफ़्ज़ किया था) में कुरान सुनाया। 1976 में आगे तालीम के लिये अलीगढ़ चले गए। यहां बीड़े वाली मस्जिद में 1976 से 1980 तक तरावीह पढ़ाई। तालीम के ताल्लुक से 1981 से 1984 तक दिल्ली में कियाम रहा। इस दौरान 1981 में ज़ाकिर नगर की जामे मस्जिद में 1982 में जमात इस्लामी हिंद दिल्ली दफ्तर में तरावीह पढ़ाई। 1984 से अलीगढ़ के जमालपुर रेलवे लाइन मस्जिद में तक़रीबन 10 साल, उसके बाद एएमयू के प्रोफेसर नफीस अहमद के बंगले पर तक़रीबन 9 साल तरावीह सुनाई। 1996 से 1998 तक ओमान (मस्कट) में तरावीह सुनाई, जहां वे गल्फ इंस्टीट्यूट में बहैसियत डायरेक्टर सेवाएं दे रहे थे। 1998 से 2026 तक कबीर कॉलोनी मस्जिद, अलीगढ़ में तरावीह में कलाम पाक सुना रहे हैं।

प्रस्तुति : डॉ. शेख़ नगीनवी

> आम तौर पर लोग यह समझते हैं कि धार्मिक शिक्षा हासिल करने वाले दुनियावी तौर पर तरक्की नहीं करते, जबकि ऐसा नहीं है जिन लोगों ने कुरान को अपनाया है और ख़ास तौर पर हाफ़िज़ (कुरान को कंठस्थ करने वाला व्यक्ति ) जब आधुनिक शिक्षा में आगे बढ़ते हैं तो वह दूसरे विद्यार्थियों से अच्छी पोजीशन पर रहते हैं। जिसकी मिसाल जावेद अख्तर हैं।



# 2 मार्च की रात्रि को ही होलिका दहन शास्त्र सम्मत होगा

## चंद्रग्रहण के कारण दुल्हैंडी 4 मार्च को

**इस बार होली को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि होली 2 मार्च को मनाई जाए या 3 मार्च को। इस भ्रम को दूर करते हुए ज्योतिषविद पंडित ललित शर्मा के सुपुत्र पंडित अभिलाष शर्मा ने पंचांग और शास्त्रीय मान्यताओं के आधार पर सही तिथि और मुहूर्त की जानकारी दी है।**




पंडित अभिलाष शर्मा ने बताया कि होलिका दहन के लिए रात्रिकालीन पूर्णिमा तिथि तथा भद्रारहित समय को श्रेष्ठ माना गया है। किन्तु यदि पूर्णिमा तिथि में भद्रा का संयोग हो, तो शास्त्रीय परंपरा के अनुसार भद्रा मुख का त्याग कर भद्रा पूंछ के समय होलिका दहन किया जा सकता है। अत: भद्रा की स्थिति का सूक्ष्म विचार कर शुद्ध मुहूर्त में ही होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत माना जाता है।

उन्होंने बताया कि 2 मार्च की रात्रि में पूर्णिमा तिथि विद्यमान रहेगी तथा रात्रि 12 बजकर 50 मिनट से 2 बजकर 32 मिनट के मध्य होलिका दहन का शुद्ध और शास्त्र सम्मत शुभ मुहूर्त बन रहा है। अत: होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि में ही किया जाना उचित है।

इस वर्ष विशेष खगोलीय परिस्थितियों के कारण होलिका दहन और रंगों की होली के बीच 24 घंटे से अधिक का अंतर रहेगा। इसका कारण 3 मार्च को लगने वाला चंद्रग्रहण है, जो भारत में दृश्य रहेगा। ग्रहण के कारण 3 मार्च को सूतक काल प्रभावी रहेगा।

पंडित अभिलाष शर्मा के अनुसार, सूतक काल की शुरुआत 3 मार्च को प्रात: 6:23 बजे से मानी जाएगी। इस कारण 3 मार्च को होली खेलना शास्त्र सम्मत नहीं होगा।



परिणामस्वरूप देशभर में रंगों की होली 4 मार्च (चैत्र कृष्ण प्रतिपदा) को मनाई जाएगी।

सामान्यत: फाल्गुन पूर्णिमा की रात्रि में भद्रारहित शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया जाता है और अगले दिन रंगों की होली मनाने की परंपरा है, किंतु इस वर्ष ग्रहण और सूतक के कारण तिथियों में अंतर दिखाई दे रहा है।

### चंद्रग्रहण का समय

यह पूर्ण चंद्र ग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शाम 6:47 बजे तक रहेगा। भारत में चंद्रमा उदय लगभग 6:26 बजे होगा, इसलिए यहां ग्रहण का अंतिम चरण ही दिखाई देगा। अधिकतम ग्रहण का समय शाम 6:33 से 6:40 बजे के बीच रहेगा।

### सूतक काल कब से लगेगा?

चूंकि यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए सूतक काल मान्य रहेगा। 3 मार्च की सुबह 6:23 बजे से सूतक काल शुरू हो जाएगा। सूतक काल के दौरान मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं और मूर्तियों को स्पर्श नहीं किया जाता।

-अभिलाष शर्मा
सिविल लाइंस पंजाब नैशनल बैंक के बराबर में विष्णुलोक, बिजनौर।
9457563232

# फुरक़ानिया हायर सेकेण्ड्री स्कूल में हुई पोस्टर प्रतियोगिता




**झालू ( चिंगारी )।** कस्बा झालू के मोहल्ला इस्लामाबाद स्थित फुरकानिया हायर सेकेंडरी स्कूल में एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विवेकानंद पब्लिक स्कूल तथा फुरकानिया हायर सेकेंडरी स्कूल की जूनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का विषय जल सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भारत अभियान रखा गया। दो घंटे के निर्धारित समय में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं संदेशपरक चित्र और चार्ट तैयार किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या शादमा परवीन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम होती हैं। विद्यालय के प्रबंधक इरफान अहमद ने बताया कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास तथा 'करके सीखने' की भावना विकसित होती है। विद्यालय के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ इकबाल ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शगुफ्ता, आयशा, सोनी, गजाला, शुमाइला, पंकज कुमार सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# रासेयो शिविर का समापन



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के अजुपुरा जट गांव में एसपी कॉलेज तिगरी के तत्वाधान में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। समापन सत्र में स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली। महाविद्यालय के प्रबंधक राहुल बंसल ने दूषित जल से होने वाली गंभीर बीमारियों के बारे में सभी को सचेत किया। समापन कार्यक्रम में नैतिक, राहुल, अनिरुद्ध, पारुल, सुषमा, शोभा, अभिनव, ममता, सविता आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डा. अंबिका बंसल ने सात दिवसीय शिविर को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आसिफ मंसूरी, कपिल शर्मा, संगीता सिंह, जितेंद्र सिंह, विपिन कुमार, गुरदीप सिंह, देव मौर्य आदि का विशेष योगदान रहा।

# दो व्यक्तियों के इंतकाल से अफ़जलगढ़ में शोक

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** नगर में दो व्यक्तियों के इंतकाल से माहौल गमगीन हो गया। जुमे की नमाज़ के बाद दोनों को हजारों नम आंखों के बीच उनके आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। मोहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी पूर्व पालिका सभासद हाजी अहमद रज़ा के पुत्र और डॉ. मोहसिन के बड़े भाई हाजी मौ. हनीफ़ (58 वर्ष) का ऋषिकेश स्थित एम्स में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। जुमे की नमाज़ के बाद बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी में उन्हें उनके आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। वहीं स्थानीय मोहल्ला बेगम सराय निवासी हाजी इजहार अहमद (72 वर्ष) का भी इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। उनके परिजन पार्थिव शरीर को अस्पताल से उनके पैतृक स्थान सहसपुर ले गए, जहां जुमे की नमाज़ के बाद उन्हें उनके आबाई कब्रिस्तान में दफनाया गया। उल्लेखनीय है कि करीब 50 वर्ष पूर्व हाजी इजहार अहमद सहसपुर से अफ़ज़लगढ़ आकर बस गए थे। यहां उन्होंने ट्रेक्टरों की एजेंसी का कारोबार शुरू किया और स्थानीय बस स्टैंड स्थित कब्रिस्तान वाली मस्जिद में लगभग 40 वर्षों तक सेक्रेटरी के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




# सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के विशाल प्रांगण में तीन दिवसीय खेल स्पर्धा का शुभारम्भ किया गया। स्पर्धा का शुभारम्भ रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन, संस्था निदेशक प्रो. डॉ. अमित कुमार बंसल व डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा ने खिलाड़ियों का परिचय जानकर संयुक्त रूप से किया। क्रीड़ा इंचार्ज डॉ. अभिषेक चौधरी ने बताया कि क्रिकेट का प्रथम मैच सीएसई और सीईबीटी के बीच खेला गया, जिसमें टीम सीईबीटी 20 रन से विजयी रही तथा आयान अहमद ऑफ दा मैच रहे। इसी क्रम में दूसरा क्रिकेट टीम बीबीए और बीसीए के बीच खेला गया, जिसमें टीम बीसीए 8 विकेट से विजयी रही, जिसमें प्रिंसपाल मैन ऑफ दा मैच रहे। चौथा फ़ाइनल मैच सीएसई और बीसीए के बीच हुआ, जिसमें बीसीए विजयी रहा। बैडमिंटन में छात्र सिंगल टीम में कार्तिक राजपूत, उत्तम कुमार, वंश राजपूत, अभिषेक कुमार सेमी फ़ाइनल में पहुंचे। छात्र डबल्स में कार्तिक राजपूत और महेश, अभिषेक कुमार और प्रखर सेमी फ़ाइनल में पहुंचे और वुमन सिंगल्स में कशिश, रूपाली, वंशिका राणा, तनिष्का, बीना और वुमन डबल्स में सिद्धि, कृतिका, जिया, श्रुती सेमी फ़ाइनल में पहुंचे। कैरम इवेंट छात्रा सेमी फ़ाइनल पल्लवी चौधरी, रुनझुन में रहा, जिसमें पल्लवी चौधरी विजयी रही। इसी प्रकार छात्रा सेमी फ़ाइनल टीम 1 खुशी, तनु अग्रवाल और टीम 2 कनिष्क राठी, उन्नति सिंह के बीच रहा, जिसमें खुशी, तनु अग्रवाल विजयी रही। केमेंटरी बॉक्स से शुभम राजपूत आदि ने अपने खूबसूरत अंदाज में मैच की केमेंटरी की।

# हल्दौर व अफ़ज़लगढ़ में धूमधाम से निकले रंग एकादशी के जुलूस



**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर में श्री राधा कृष्णा सामाजिक विकास सोसाइटी के तत्वावधान में रंग की एकादशी का जुलूस हर्षोल्लास के साथ निकाला गया।

जुलूस धुलिया महादेव मंदिर से प्रारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेता एवं एकादशी कमेटी के संरक्षक संदीप शर्मा, पंकज सिंह चौहान, अशोक चौहान, सीताराम सैनी, अनूप अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोभायात्रा में सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। एकादशी का जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ वापस धूलिया महादेव मंदिर पर समाप्त हुआ। जुलूस का रस्ते में पुष्प वर्षा एवं गुलाल से जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस में खाटू श्याम, भगवान राम लला एवं भगवान बांके बिहारी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जुलूस में कमेटी अध्यक्ष शगुन चौहान, संदीप शर्मा, पुनीत शर्मा पुन्नी, पंकज चौहान, अशोक चौहान, थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह, केके चंद्रा, हरीश शर्मा, बिजेंद्र सिंह, शशांक कौशिक, नीरज गोस्वामी आदि शामिल रहे। जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शुक्रवार को नगर में रंग की एकादशी का जुलूस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जुलूस मोहल्ला गौहर अली खान (जोशीयान) से प्रारंभ होकर शिवाजी बाजार (होली चौक), ढाली बाजार, पीएनबी रोड से होता हुआ बड़े शिव मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। यज्ञहुतियों के साथ निकले जुलूस में हुलियारे ने एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी। वहीं बड़ों के चरण छूकर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने प्रशासन का धन्यवाद करते हुए स्थानीय नागरिकों से कहा की रंगों का त्यौहार होली प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। ताकि किसी नगरवासी को कोई दिक्कत न हो। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील रस्तौगी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना, अजय कौशिक, अजीत वर्मा, अनुज वर्मा, संजय जोशी, लव कौशिक, सभासद उमेश अग्रवाल, सुनील कुमार, सोनू बिश्नोई, विपिन कुमार, नितिन जोशी, पिंटू जोशी, अरुण कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।



# सुशील वर्मा ने किया सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन

**हल्दौर ( चिंगारी )। समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा नगर में आपसी भाईचारा व सौहार्द कायम रहने के मकसद से एक विशाल रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने शिरकत फरमाकर आपसी भाईचारे व एकता की मिसाल को कायम रखा।**



पाक रमज़ान के दुसरे जुमे की शाम यहां वर्मा मिनी मैरिज हॉल पर आयोजित रोजा इफ्तार में आने वाले सभी मेहमानों का सुशील वर्मा द्वारा तहेदिल से स्वागत व आभार व्यक्त किया गया। रोजा इफ्तार पार्टी में नगर भर के मुस्लिम समाज के लोगों के साथ-साथ सभी जाति धर्मों के हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर शिरकत फरमाई, जिनमें हाफिज अब्दुल गफ्फार, हाजी इरफान मलिक, महबूब सिद्दीकी, अंसार अहमद एडवोकेट, कामरेड इशाक मनसूर, जितेन्द्र फौजी, चन्द्रपाल सिंह, महीपाल सिंह, दुष्यंत चौहान, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. गजराज सिंह, मौहम्मद इरफान, सोधीराम सैनी, मौ. नौशाद, अरूण कुमार, शहजाद अहमद उर्फ मुन्ना, जमीरउद्दीन मलिक, नसीरुद्दीन मलिक, महमूद अंसारी, संजय सिंह, बहार आलम, ताहिर हुसैन, सुरेंद्र सिंह, हाजी इरफान सिद्दीकी, हाजी शमीम सिद्दीकी, हाजी नसीम सिद्दीकी, तरंग वर्मा, उमंग वर्मा, भोले वर्मा, अब्दुल समी, अहमद, डॉ खुर्शीद अहमद, मौहम्मद ईशान मलिक, मौहम्मद अरहम मलिक, तेजपाल सिंह, जितिन कुमार, मौ.इरशाद उर्फ बब्लू, मौ. यूसुफ, शक्ति कुमार, डॉ. नसरुद्दीन अंसारी, रियाज सलमानी, फुरकान मलिक, अजीम फरीदी, जाहिद सलमानी, मौ. ईस्माइल अब्बासी, मौ. इरशाद ड्राईक्लीनर्स आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। रोजा इफ्तार के बाद वहीं पर हाफिज अब्दुल गफ्फार द्वारा मगरिब की नमाज अदा कराई गई तथा नमाज के बाद भोजन की व्यवस्था भी की गई। सुशील वर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## बर्तन व्यापारी के पुत्र को सांप ने डसा

**नहटौर ( चिंगारी )।** दुकान पर बैठे बर्तन व्यापारी के पुत्र को अचानक निकले सर्प ने डस लिया, जिसे उपचार के लिए तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। धामपुर रोड स्थित स्टेट बैंक के पास शोभित जैन उर्फ हैप्पी जैन पुत्र सुकेश जैन की बर्तनों की दुकान है। शुक्रवार की दोपहर को हैप्पी जैन का बेटा आरजव जैन (13 वर्ष) दुकान पर कुर्सी पर बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक एक सांप ने उसे डस लिया। सांप के काटने का पता चलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और किशोर की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों द्वारा आरजव को तुरंत सीएचसी ले जाया गया। वहां तैनात चिकित्सकों ने उपचार किया। बताया जाता है कि हालत में सुधार न होने पर परिजन आरव को बिजनौर स्थित निजी अस्पताल में ले गये, जहां पर उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

## मनिका गोयल चुनी गई होली क्वीन



**चांदपुर। ( चिंगारी )।** महिला अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मनिका गोयल को होली क्वीन चुना गया। यहां मुहल्ला कोटला में महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्ष श्रीमती नीरु गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती मधु गुप्ता द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात सभा की सदस्यों ने झंडा गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुधा मित्तल, मंजू मित्तल, श्रीमती शशि मित्तल, रति गर्ग, रश्मि गर्ग, मीनू गर्ग, साधना सिंघल, नेहा अग्रवाल, मधु बंसल, कंचन गर्ग, कनक अग्रवाल, रूपाली, वैशाली, मधुर, शिवा आदि मौजूद रही।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा


सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर
दसवां रोजा : शनिवार 28 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:19, शिया 6:30
ग्यारहवां रोज़ा : रविवार, 01 मार्च
सहरी- सुन्नी 5:19 शिया 5:11

शहजाद अहमद

## शमा महज़र, हनीफ व इज़हार मिस्त्री के इंतकाल पर रंजोग़म का इज़हार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। स्थानीय निवासी पत्रकार एस.एम. असलम की रिहाइशगाह पर उन्हीं की सदारत व कामिल खान की निजामत में ताजियती मीटिंग का इनअकाद किया गया। इस ताजियती मीटिंग में अब्दुल रज़्ज़ाक़ फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन शेख मौ. जैद की वालिदा शमा महजर, अफ़जलगढ़ निवासी डॉ. मौ. मोहसिन के बड़े भाई मौ. हनीफ व इजहार अहमद के इंतकाल पर गहरे रंजोगम का इजहार किया गया और मरहूमा शमा महजर की नेकदिली, मरहूम मौ. हनीफ की मिलनसार मिजाजी व इजहार अहमद की खुश अखलाकी का जिक्र करते हुए उनके लिए दुआएं मगफिरत की गई। ताजियती मीटिंग में एसएम असलम व कामिल खान सहित अंजार अंसारी, कमर आलम, तसव्वर मिस्त्री, गुलफाम अंसारी, हाफिज अय्यूब, राजेंद्र सिंह, अब्दुल रशीद बोस, नासिर कुरैशी, नईम अहमद, मौ. अनस आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।**

## धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर बेचने के आरोपी का चालान



**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र नूरपुर के गांव पूरनपुर स्याना निवासी राजीव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि गांव निवासी सोमपाल सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र आशाराम व अखिल कुमार उर्फ मुन्नू पुत्र अमर सिंह ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उसका ट्रैक्टर खेत जोतने के लिये लिया था। आरोप है कि उक्त लोगों ने धोखाधड़ी कर ट्रैक्टर सुशील कुमार पुत्र हजारी सिंह को बेच दिया था। जब उसने ट्रैक्टर वापस मांगा तो सुशील व सुनील पुत्र परशुराम ने ट्रैक्टर वापस देने से इंकार करते हुए उसके साथ गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया था तथा जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से आरोपी फ़रार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने फ़रार चल रहे एक आरोपी सोमपाल सिंह को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रवीण व पुलिसकर्मी सुमित कुमार व मनीष बंशी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने आरोपी के चालान की पुष्टि की है।

## चांदपुर में हर्षोल्लास से निकला एकादशी का जुलूस



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में एकादशी के रंग का जुलूस धूमधाम एवं परम्परागत ढंग से निकाला गया। जुलूस का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। शुक्रवार की दोपहर को दया विहार में सर्व प्रथम हवन हुआ तथा उसके बाद आधारशिला स्कूल के प्रबंधक विवेक कर्णवाल ने फीता काट कर रंग एकादशी के जुलूस का शुभारंभ किया। जुलूस में गुलाब के फूलों की पंखुड़ियों से खेली गई होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जुलूस में शिवजी, राधाकृष्ण, भगवान श्री राम, जगन्नाथ जी व शिव तांडव सहित अनेक झांकियां शामिल थी। जुलूस में ऊंट पर बच्चे बैठे हुए थे। जुलूस में बंटी शर्मा, विवेक कर्णवाल,अजय कुमार कौशिक,शैलेंद्र यादव, कुलदीप शर्मा, प्रमोद सूर्या सैनी एडवोकेट,शिवम् अग्रवाल, चंदन माहेश्वरी, अशोक शर्मा, सौरभ राणा, चंचल ढाका,अशोक कुमार, हिमांशु अग्रवाल, पुखराज सैनी, जितेन्द्र शर्मा जीतू, मोहित अग्रवाल, ब्रजपाल सैनी,हर्ष जावा, कृष्ण कुमार, रोहन कौशिक आदि शामिल थे। नेहरू चौक पर रामौतार बंसल, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता रॉकी व रामदीन आदि द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया।

# एसीजेएम आयुष गुप्ता ने किया अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का भ्रमण

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** राजस्थान राज्य के धौलपुर जनपद के बाड़ी में तैनात अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) आयुष गुप्ता शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के तीसरे सबसे बड़े बाघ संरक्षित वन क्षेत्र अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के भ्रमण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अपने परिवार एवं सहयोगियों के साथ जंगल सफारी कर अमानगढ़ की समृद्ध जैव विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य एवं वन्य जीवों का नजदीक से अवलोकन किया।



जंगल सफारी के दौरान अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आयुष गुप्ता।

प्रकृति एवं वन्य जीवन के प्रति विशेष रुचि रखने वाले न्यायिक अधिकारी आयुष गुप्ता ने अमानगढ़ के घने जंगलों, शांत वातावरण और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना करते हुए कहा कि अमानगढ़ टाइगर रिजर्व प्राकृतिक धरोहर के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां संरक्षित वन क्षेत्र में वन्य जीवों के लिए अनुकूल वातावरण के साथ-साथ पर्यटकों को भी प्रकृति के बीच सुकून एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त होता है।

जंगल सफारी के दौरान उन्होंने बाघ क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्थाओं, वन संरक्षण गतिविधियों तथा पर्यटन प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा, गाइडेड टूर व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अमानगढ़ को पर्यावरणीय जागरूकता, वन्यजीव संरक्षण शिक्षा एवं पारिवारिक ईको-टूरिज्म के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित किए जाने की व्यापक संभावनाएं हैं। इस अवसर पर उनके चचेरे भाई अनुभव गुप्ता, निकटतम मित्र एवं पत्रकार/श्री रामलीला कमेटी अफजलगढ़ के अध्यक्ष नितिन दिनेश कौशिक, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान, लव कौशिक एवं रिद्धि कौशिक भी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ने किया अध्यक्षों व सचिवों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ब्लॉक स्तरीय विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों एवं सचिवों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जटपुरा बौंडा की बालिकाओं ने नशा मुक्ति अभियान पर एक नाटक प्रस्तुत किया। एआरपी डॉ. राहुल वर्मा द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के गठन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। एआरपी रितेश भाटिया ने विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य एवं दायित्व के विषय में समझाया। एआरपी सुचि राणा ने विद्यालय प्रबंध समिति के संचालन के विषय में बताया। मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तालमेल बनाते हुए कार्य करने के लिए कहा। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा संपूर्ण गोष्ठी का समेकन करते हुए समीक्षात्मक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंजू पचहरा, हर्षा पाल, नीतू शर्मा, सुनील शर्मा, शिवम कुमार, जयप्रकाश, शिवम कुमार, देवेंद्र शर्मा, नंदिनी बंसल, हिमानी चौधरी, दीपक महिंद्रा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# अभिभावकों का उत्पीड़न करने वाले विद्यालयों पर कार्रवाई की मांग



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने डीएम को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार को सौंपा। पत्र में कहा गया है कि जनपद के निजी विद्यालयों द्वारा पाठ्य-पुस्तकों की एकल दुकान से अनिवार्य खरीद, प्रकाशन विवरण के अभाव, अनधिकृत पुस्तकों के प्रयोग एवं बोर्ड नियमों के घोर उल्लंघन के संबंध में विधिक जांच एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद बिजनौर के अंतर्गत अनेक निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में संगठित रूप से नियम विरुद्ध, मनमानी एवं आर्थिक शोषणकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जो न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि शासन की मंशा एवं शिक्षा के मूल उद्देश्यों के भी विपरीत है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को केवल एक नामित दुकान/विक्रेता से पाठ्य-पुस्तकें खरीदने हेतु बाध्य किया जाना, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, प्रतिस्पर्धा अधिनियम एवं शिक्षा से संबंधित शासनादेशों का प्रत्यक्ष उल्लंघन है। अपना दल (एस) ने कहा कि यदि इस विषय पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन लोकतांत्रिक एवं विधिक दायरे में रहकर जनहित में आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।

# शैंकी कर्णवाल ने आर्य सुगन्ध संस्थान पहुंचकर मनाया बेटे का जन्मदिन

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** बिजनौर निवासी शैंकी कर्णवाल ने अपनी पत्नी शिवानी कर्णवाल व मां पुष्पा देवी के साथ मंडावली क्षेत्र के आर्य सुगन्ध संस्थान मुस्सेपुर में पहुंचकर दिव्यांगजनों के बीच अपने बेटे प्रशिव कर्णवाल का जन्मदिन मनाया। संस्थान की ओर से गरिमा आर्य ने शैंकी कर्णवाल व उनके परिजनों का स्वागत किया। शैंकी कर्णवाल ने संस्थान में बेटे की पहली वर्षगांठ के शुभ अवसर पर केक काटा तथा संस्थान के बच्चों को परिजनों के साथ मिलकर अपने हाथों से परोसकर भोजन भी कराया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि दिव्यांग बच्चों के अंदर एक विशेष प्रतिभा छिपी होती है, वे किसी से कम नहीं होते हैं। दिव्यांग बच्चों पर भगवान की एक विशेष कृपा होती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के बीच आकर बहुत अच्छा लगा।



बेटे का जन्मदिन मनाने आश्रम पहुंचा कर्णवाल परिवार।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है पत्रकारिता-चिन्मय पंडया

## प्रेस क्लब हरिद्वार में व्याख्यान माला का आयोजन



श्री चिन्मय पंडया को सम्मानित करते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी व महामंत्री दीपक मिश्रा।

**हरिद्वार ( चिंगारी )** । हिंदी पत्रकारिता के दौ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रेस क्लब हरिद्वार द्वारा आयोजित किये जा रहे हिंदी पत्रकारिता दिशताब्दी समारोह के तहत शुक्रवार को प्रेस क्लब सभागार में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देव संस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या, मुख्य वक्ता नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप कुमार तिवारी, निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरि, प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। वरिष्ठ पत्रकार कौशल सिखोला, रजनीकांत शुक्ला, संजय आर्य, संदीप रावत ने स्मृति चिन्ह, रूद्राक्ष की माला एवं गंगाजली भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या ने हिंदी पत्रकारिता के दौ सौ वर्ष पूरे होने की बधाई देते हुए कहा कि पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। अघोषित चुनौती और विषम परिस्थितियों में पत्रकारों को कार्य करना पड़ता है। पत्रकारिता के दो धर्म हैं। एक गुस्सा भड़काता और दूसरा संवेदना जगाता है। पत्रकार लोगों में संवेदना जगाएं।

एनयूजेआई के राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप कुमार तिवारी ने कहा कि पत्रकारों की परिस्थिति बहुत चिंताजनक है। पत्रकारिता का दमन हो रहा है। प्रिंट मीडिया तथ्य के आधार पर खबर छापता है, लेकिन सोशल मीडिया इससे बहुत दूर है और सनसनी फैलाता है। उन्होंने कहा कि सरकार पत्रकारों और उनके परिवार के प्रति गंभीर नहीं है। एआई के आने से संस्थानों, पत्रकारों की संख्या घटेगी। निरंजनी अखाड़ा के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरि ने कहा कि अच्छी पत्रकारिता कभी समाप्त नहीं हो सकती। पत्रकारों को सच दिखाना चाहिए।

इस अवसर पर सुनील दत्त पांडे, रामचंद्र कन्नौजिया, राहुल वर्मा, काशीराम सैनी, आशु शर्मा, अविक्षित रमन, देवेंद्र शर्मा, श्रवण कुमार झा, बालकृष्ण शास्त्री, सागर जोशी, नरेश दीवान शैली, राहुल चौहान, शिवकुमार शर्मा, राधेश्याम विद्याकुल, प्रशांत शर्मा, विकास झा, डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विकास चौहान, दयाशंकर वर्मा, कुमकुम शर्मा, सुनील शर्मा, प्रतिभा वर्मा, शिवा अग्रवाल, गुलशन नैयर, सुभाष कपिल, शैलेंद्र ठाकुर, विजेंद्र हर्ष, रतनमणि डोभाल, दीपक नौटियाल, आदेश त्यागी, रजनीकांत शुक्ला, महेश पारिख, तनवीर अली, रामचंद्र कन्नौजिया, अमरीश कुमार, लव कुमार शर्मा, आदि सहित बड़ी संख्या में पत्रकारों के साथ कमला जोशी, प्रदीप चौधरी, विजयपाल बघेल, डॉ. विशाल गर्ग, संतोष चौहान, जगदीश लाल पाहवा, अंजू द्विवेदी, ऋषि शर्मा, पार्षद परमिंदर सिंह गिल आदि अतिथी मौजूद रहे।

# सिमल्या गांव में जलापूर्ति की समस्या नहीं हो रही हल महिलाएं तीन किलोमीटर दूर से ला रहीं जल

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम सिमल्या निवासियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। योजना पर पानी न आने से ग्रामीण हैंडपंप पर निर्भर हैं, जिससे दूषित पानी की आपूर्ति होने से क्षेत्र के करीब 20 परिवारों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है ग्राम प्रधान अमित नेगी ने बताया कि गांव में जल आपूर्ति के लिए एक सार्वजनिक हैंडपंप लगा है। इससे भी लंबे समय से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। स्वच्छ पानी के लिए ग्रामीणों को करीब तीन किलोमीटर दूर कीर्तिखाल स्थित जलस्रोत तक जाना पड़ रहा है। वहीं, कीर्तिखाल में भी लगे हैंडपंप भी लंबे समय से खराब पड़े हैं। जिस कारण जलापूर्ति की स्थिति चिंताजनक



द्वारीखाल ब्लाक के ग्राम सिमल्या में दूर पेयजल स्रोत से पानी लाती बुजुर्ग महिला।

बनी हुई है। स्थानीय महिला रीना देवी व विमला देवी ने बताया कि महिलाओं का ज्यादा समय खेती और पशुओं के लिए चारापत्ती लाने में ही निकल जाता है। इसके बाद पीने के पानी के लिए दूर जाना पड़ता है। इससे दिनचर्या प्रभावित हो रही है। दूषित पानी के कारण पेट संबंधी दिक्कतों के साथ ही बीमारी का डर सता रहा है। संबंधित विभाग को कई बार लिखित में शिकायत देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। चेतावनी दी कि इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन पर बाध्य पर होंगे।

# स्नेह क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )**। स्नेह क्षेत्र के संयुक्त समाज सेवी संगठन ने लगातार शिकायत के बाद भी क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण न होने पर रोष व्यक्त किया है। इस संबध में एफ कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के रामपुर क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था न होने से क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है, जिसके कारण जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। वहीं क्षेत्र के चौराहों व रास्तों में ईंट, बजरी, रेत व सरिया पड़ा हुआ है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। कहा कि कुंभीचौड़ क्षेत्र में अधिकांश घरों का गंदा पानी भी सड़कों पर बह रहा है, जिससे सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाया है। मौके पर वक्ताओं ने नगर निगम के अधिकारियों से क्षेत्र की समस्याओं का संज्ञान लेकर निस्तारण करवाने की मांग की। बैठक में मोहन सिंह रावत, रतन सिंह नेगी, वाचस्पति बहुखंडी, महानंद ध्यानी, हरेंद्र सिंह रौथाण, सतेंद्र सिंह नेगी, सुल्तान सिंह रावत, रमेश चंद्र बौंठियाल, दयानंद भट्ट, जगदीश सिंह, राम सिंह रावत मौजूद रहे।

# बिजनौरी महासभा उत्तराखंड ने आयोजित किया भव्य होली मिलन समारोह

- होली सामाजिक एकता का प्रतीक है : मदन कौशिक
- सामाजिक समरसता का संदेश देता है होली मिलन समारोह : सुबोध पाराशर
- सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत करती हैं होली : महामंडलेश्वर ललितानंद गिरि



**हरिद्वार ( चिंगारी )**। उत्तरी हरिद्वार स्थित फूल मति घाट पर बिजनौरी महासभा उत्तराखंड हरिद्वार द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर ललितानंद गिरि महाराज, महंत जयानंद महाराज नगर विधायक मदन कौशिक, एमएलसी सुबोध पाराशर, उज्जवल पंडित, प्रमोद गिरि, विपिन शर्मा, अशोक गिरि राजीव पाराशर तथा गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में आयोजित कवि सम्मेलन एवं ब्रज की होली के रस भरे भजनों एवं ए डायरेक्शन डांस ग्रुप के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। फूलों एवं रंग,गुलाल और भक्ति रस से सराबोर वातावरण में होली का पारंपरिक उल्लास देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम संयोजक प्रमोद गिरि, विपिन शर्मा, डॉ. अशोक गिरि, मनोज शर्मा, शत्रुघ्न गिरि, मनोज गिरि, राजीव पाराशर, संदीप गोस्वामी, हरपाल धीमान, चांद गिरि, तनुज महेश्वरी, मनोज गिरि, बलराम गिरि, दीपक शर्मा, गर्वित गिरि आकाश गिरि, अनिकेत गिरि, नीरू सैनी, उमा गिरि ने अतिथियों का फूलमाला एवं पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का प्रतीक है। बिजनौर से पधारे एमएलसी सुबोध पाराशर ने कहा कि होली मिलन समारोह सामाजिक समरसता का संदेश देता है। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर ललितानंद गिरि महाराज ने कहा कि होली का पर्व सनातन धर्म संस्कृति को मजबूत करता है। पूर्व विधायक रविदासाचार्य सुरेश राठौर ने कहा कि बिजनौरी महासभा उत्तराखंड समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम कर रही है।

इस मौके पर नगर निगम मेयर किरण जैसल, पूर्व राज्यमंत्री डॉ. संजय पालीवाल, पूर्व विधायक सुरेश राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, अखंड परशुराम अखाड़ा के अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक, कथा व्यास पंडित पवन कृष्ण शास्त्री, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी विकास तिवारी, समाजसेवी डॉ. विशाल गर्ग, पूर्व मंडी परिषद अध्यक्ष संजय चोपड़ा, पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील सेठी, पूर्व मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा, भाजपा महामंत्री संजीव चौधरी, हीरा सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष तरुण नैयर, जिला मंत्री विनीत जोली, सांसद प्रतिनिधि अनिल पुरी, पार्षद राजेश शर्मा, सूर्यकांत शर्मा, आकाश भाटी,पूर्व मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा,महावीर वशिष्ठ, पूर्व पार्षद अनिरुद्ध भाटी, अनिल मिश्रा, विदित शर्मा, राजेंद्र शर्मा, मुदित अग्रवाल, सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज, होली के बाद संगठनात्मक बदलाव पूरा कर लेगी भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी की (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की अपनी तैयारियों को मज़बूत करने के लिए जल्द ही बाकी बचे पांच ज़िला अध्यक्षों और 80 से ज़्यादा मंडल अध्यक्षों को नियुक्त करके ज़मीनी स्तर पर संगठनात्मक बदलाव पूरा करने वाली है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और राज्य महासचिव (संगठन) धर्मपाल सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व से मंज़ूरी लेने के लिए बाकी ज़िला अध्यक्षों के नाम फ़ाइनल कर दिये हैं। इसके बाद ज़िला-स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा, जो मुख्य संगठनात्मक निकाय है जो ज़मीनी स्तर पर पार्टी की जनता तक पहुंच को बढ़ावा देता है। पार्टी ने स्थानीय स्तर पर मंडल-स्तरीय अध्यक्षों का चुनाव कराने का फ़ैसला किया। पार्टी ने 1,918 मंडल अध्यक्षों में से 1,800 से ज़्यादा का चुनाव करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, ये संगठनात्मक पदाधिकारी ज़िला निकाय और बूथ-स्तरीय व्यवस्था के बीच एक पुल का काम करते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो चुनाव पास आ रहे हैं, इसलिए भाजपा का बाकी ज़िला प्रेसिडेंट और मंडल प्रेसिडेंट का अपॉइंटमेंट पूरा करने पर फ़ोकस करना जल्दबाज़ी दिखाता है।

ज़िला और मंडल यूनिट उत्तर प्रदेश जैसे पॉलिटिकल रूप से घने राज्य में इलेक्शन मैनेजमेंट की रीढ़ होती हैं, जहां बूथ-लेवल का हिसाब अक्सर नतीजे तय करता है।

सूत्रों ने कहा कि पार्टी का मकसद ऑर्गेनाइज़ेशनल कमियों को दूर करना, गुटबाज़ी को रोकना और यह पक्का करना है कि अनुशासन का मैसेज राज्य से बूथ लेवल तक पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि ज़िला-लेवल का ऑर्गेनाइज़ेशनल सेट-अप आखिरकार स्टेट टीम बनाने का रास्ता बनाएगा, जिसमें असल में स्टेट वाइस-प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी और छह रीजनल प्रेसिडेंट शामिल होंगे। भाजपा सूत्रों ने कहा कि स्टेट टीम का अपॉइंटमेंट पार्टी की सोशल इंजीनियरिंग को दिखाएगा, क्योंकि वह उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए तैयार हो रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी हर हाल में मार्च के आखिर तक ऑर्गेनाइज़ेशनल बदलाव पूरा कर लेगी।


आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन



ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
*नियम व शर्तें लागू
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312
किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर




BACHPAN
ADMISSIONS OPEN
PLAY GROUP
NURSERY | LKG | UKG
Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना



"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput
Pranab Rajput
Roopali
Vanshika Singh
Avantika Rana
Avantika Malik
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928